हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...

RNI No- UPHIN/2008/28258

वर्षः 14, अंकः 65 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, शुक्रवार 23 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल को सस्पेंड कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने पिछली रात संदीप गोयल को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। गृह मंत्रालय का यह एक्शन महाठग सुकेश चंद्रशेखर के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उसने संदीप गोयल पर रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगाए थे। बता दें कि संदीप गोयल का एक महीने पहले जेल डीजी पद से ट्रांसफर कर दिया गया था। दरअसल सुकेश चंद्रशेखर ने पिछले दिनों दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना को एक पत्र लिखकर संदीप गोयल को करोड़ों रुपए की रिश्वत देने का आरोप लगाया था। इस मामले में जांच के लिए एलजी ने एक कमेटी बनाई थी। कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर और भ्रष्टाचार के आरोपों में संदीप गोयल को सस्पेंड किया गया है। इससे पहले गृह मंत्रालय ने संदीप गोयल के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें तिहाड़ जेल से हटा दिया था।

### अमेठी में कैसे बंटते हैं वोट, स्मृति ईरानी ने राहुल को क्यों कहा- डरेंगे तो नहीं?

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी सीट से लड़ सकते हैं। इसे लेकर कांग्रेस नेता अजय राय का एक बयान आने के बाद से सियासी पारा चढ़ा हुआ है। अजय राय के बयान के बाद केंद्रीय मंत्री और अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी ने ट्वीट करके राहुल से पूछा कि क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं। स्मृति ने लिखा सुना है राहुल गांधी जी आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है। तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं? दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं? ऐसे में सवाल ये है कि अमेठी सीट का सियासी गणित क्या है? राहुल गांधी स्मृति ईरानी की अदावत कितनी पुरानी है? 2019 के लोकसभा चुनाव में क्या हुआ था? अमेठी का चुनावी इतिहास क्या कहता है।

### राहुल गांधी बोले-नहीं रूकेगी 'भारत जोड़ो यात्रा...कोरोना फैल रहा, यह सब बहाने हैं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा को रोकने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के लिखे पत्र पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार 'भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के बहाने तलाश रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे चिट्ठी लिखी गई कि यात्रा बंद करो कोविड आ रहा है, लेकिन यह यात्रा रोकने के लिए बहाना बनाया जा रहा है। राहुल ने कहा कि कि आप जितनी कोशिश कर लो हम टूटने वाले नहीं हैं। राहुल ने कहा कि मुझे कहा जा रहा है कि मास्क पहनो, यात्रा बंद करो कोरोना फैल रहा है, ये सब बहाने हैं, ये लोग भारत की सच्चाई से डर गए हैं। राहुल ने कहा कि कुछ भी कर लो लेकिन हमारी यात्रा कश्मीर तक जाकर रहेगी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा पहुंच गई है।

# सीएम योगी ने कोरोना की स्थिति पर की समीक्षा

## बोले- लोगों को फेस मास्क के लिए जागरूक करें

संवाददाता

**●अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए**

**●कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए**

**●चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करवाएं और अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों में जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें।

कोविड प्रबंधन में इंटेग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की उपयोगिता का हम सभी ने अनुभव किया है। गृह, स्वास्थ्य और नगर विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ आईसीसीसी को फिर से एक्टिव करने की तैयारी करें। कोविड के बीच अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया गया था। हर जिले में आईसीयू, वेंटिलेटर, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई थी। सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, हर अस्पताल में पर्याप्त संसाधन होने चाहिए।

प्रदेश में कोरोना की स्थिति सामान्य मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभिन्न देशों में विगत एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। दिसम्बर माह में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 0.01त्न रही है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 62 है। विगत 24 घंटों में 27,208 हजार टेस्ट किए गए और एक भी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। इसी अवधि में 33 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए।

कोविड से बचाव के लिए ट्रेस, टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका की रणनीति सफल सिद्ध हुई है। संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा। अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को एक्टिव करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मंत्र जहां बीमार-वहीं उपचार की भावना के अनुरूप ग्राम प्रधानों, एएनएम, आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का सहयोग लिया जाए। कोविड के खिलाफ अब तक की लड़ाई में इन लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस वर्ग को पुनः एक्टिव करें। ताकि यह अपने क्षेत्रों में बीमार, कोविड लक्षण युक्त लोगों पर नजर रखें, जरूरत के अनुसार तत्काल अस्पताल/डॉक्टर की सेवाएं उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि चिकित्सा संस्थानों की अद्यतन आवश्यकताओं का परीक्षण करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों के नए पद सृजित किए जाएं। पुराने पदों में कोई कटौती न की जाए। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता के साथ किया जाए।

अच्छी गुणवत्ता के साथ दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध हों, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में जीवनरक्षक दवाओं की कमी न हो। मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन की कार्यपद्धति में सुधार की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री स्तर से विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाए।

एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज लक्ष्य के सापेक्ष विगत दिनों 06 जनपदों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए 42 कंपनियों/संस्थाओं ने अपनी रुचि दिखाई है। योग्य और समर्थ का चयन कर यथाशीघ्र मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। 39.06 करोड़ वैक्सीनेशन डोज के साथ उत्तर प्रदेश सर्वाधिक टीका लगाने वाला राज्य है। प्रदेश में 4.48 करोड़ प्रीकॉशन डोज भी लगाए जा चुके हैं। कोविड के नए वैरिएंट के दृष्टिगत प्रीकॉशन डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। लोगों को प्रीकॉशन डोज की जरूरत और उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जाए। प्रयागराज माघ मेले के व्यवस्थित आयोजन के लिए अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य हो। कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, साधु-संतों को पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। प्रदेश में पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हुई बाजरा की खरीद की प्रगति उत्साहजनक है। अब तक 45000 मीट्रिक टन खरीद हो चुकी है। किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक, लोगों से मास्क पहनने की अपील की

## यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब और तमिलनाडु ने भी कोरोना पर समीक्षा बैठकें बुलाई

एजेंसी

**● बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को बताया गया कि दवाओं, टीकों और अस्पताल के बेड के संबंध में पर्याप्त उपलब्धता है**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड-19 की स्थिति पर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और सभी राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिव शामिल हुए। इस दौरान कोरोना के नए वैरिएंट के खिलाफ लड़ाई के एक्शन प्लान पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 पर एक उच्च-स्तरीय बैठक में भीड़ भरे सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, टेस्टिंग बढ़ाने और जीनोमिक सीक्वेंसिंग का आग्रह किया। उन्होंने कमजोर और बुजुर्ग समूहों के लोगों के लिए एहतियात खुराक को प्रोत्साहित करने पर भी ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि 22 दिसंबर 2022 को समाप्त सप्ताह में भारत में मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है, औसत दैनिक मामले 153 तक गिरे हैं और साप्ताहिक सकारात्मकता 0.14प्रतिशत तक हो गई है। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि सभी स्तरों पर संपूर्ण कोविड बुनियादी ढांचा, उपकरण, प्रक्रियाओं और मानव संसाधन के मामले में तैयारियों के उच्च स्तर बने रहे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को बताया गया कि दवाओं, टीकों और अस्पताल के बेड के संबंध में पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और कीमतों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी है। इस बीच यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब और तमिलनाडु ने भी कोरोना पर समीक्षा बैठकें बुलाई। दूसरी तरफ संसद में आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया देश में कोरोना के हालात को लेकर बयान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने चीन और अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर सहित स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और अमरीका में कोविड के बढते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार हरकत में आ गई है।

# यूपी में महिलायें सर्वाधिक असुरक्षित : अखिलेश

संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार के दावों के विपरीत उत्तर प्रदेश में महिलायें और बच्चियां सर्वाधिक असुरक्षित हैं और कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब प्रदेश के किसी जिले में दुष्कर्म, लूट, अपहरण और हत्या की घटनाएं न होती हों। यादव ने गुरूवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री लाख सुरक्षा और कड़ी कार्यवाही के बयान जारी करते रहें, नौकरशाही पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। खासकर, भाजपा सरकार में दलित और वंचित वर्ग की बेटियों पर अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल है। सत्ता संरक्षित अपराधियों के हौसले बुलंद है। उन्हें किसी का खौफ नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री कब बहन बेटियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होंगे। सपा की सरकार में बहन बेटियों की तत्काल सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक व्यवस्था 1090 वूमेन पावर लाइन और अपराध नियंत्रण के लिए यूपी डायल 100 एम्बुलेंस पुलिस सेवा शुरू की गयी थी। भाजपा सरकार ने इन सभी योजनाओं को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। पुलिस सेवा यूपी डायल 100 को 112 बना कर इसको निष्प्रभावी बना दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार की अपराध नियंत्रण में कोई रुचि नहीं है। भाजपा के विधायक ही दबंगई दिखाते और पुलिस थानों में जाकर रौब जमाते हैं। अपराधी तत्व निश्चिंत होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

# ओपी राजभर ने अखिलेश पर लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता

**●कहा, हमारी पार्टी को तोड़ने के लिए नेताओं को दिया गया पैसो का लालच**



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश हमारी पार्टी को तोड़ना चाहते थे। हमारे नेताओं को पैसे, गाड़ी का लालच दिया गया, लेकिन समाजवादी पार्टी अपने मकसद में शामिल नहीं हो सकी। हालांकि इस बयान पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने सफाई देते हुए कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के लोग गलत बयान बाजी कर रहे है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राज हर पार्टी के दरवाजे पर जा रहे है। जबकि सभी पार्टियां उनकी नीयत को समझ चुकी है। राजभर नए गठबंधन की तलाश है। दरअसल, सुभासपा और बीजेपी के बीच गठबंधन को लेकर संभावना जताई जा रही है। इसी बीच सुभासपा के दो बागी नेताओं ने अखिलेश यादव से मुलाकात की है। सुभासपा के बागी नेता महेंद्र राजभर और त्रिवेणी राम बुधवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय पहुंचे। इस पर अरुण राजभर ने कहा कि उदयवीर सिंह दोनों को अपनी गाड़ी में अखिलेश यादव से मिलवाने ले गए थे। सुभासपा नेता का आरोप है कि सपा के इशारों पर ही महेंद्र राजभर ने सुभासपा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए थे। अरुण राजभर ने ट्वीट कर लिखा, सुभासपा को बदनाम करने के लिए अखिलेश यादव लगे हुए थे और उदयवीर सिंह को भी लगा रखे थे। इसके जवाब में सपा नेता राजीव राय ने लिखा, जाति के नाम पर राजनीति की दुकान चलाने वालों को बर्दाश्त नहीं कि उनकी जाति के गरीबों की मदद मऊ में राजीव राय करें। जिन सैकड़ों राजभर बच्चों को गोद लिया हूं, इलाज करवाता हूं, करोना मे विदेशों में फंसे युवकों को वापस जिंदा, जो मर गए उनका शरीर वापस लाया,उनसे आप कभी मिले?

# अदालत में हाजिर न होने पर आजम पर लगा 10 हजार का जुर्माना



**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश में रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाजिर नहीं होने पर पूर्व विधायक मोहम्मद आजम खान पर दस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। न्याय विभाग के सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि जन्म प्रमाण पत्र मामले में न्यायालय में हाजिर नहीं होने के चलते एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान पर 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। आजम पक्ष के अधिवक्ता बहस पर नहीं पहुंचे। कोर्ट में बहस नहीं होने के चलते एसीजेएम फर्स्ट ने जुर्माना लगाया है।

## प्रदेश सरकार ने की शीतकालीन अवकाश की घोषणा

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सर्दियों की छुट्टी, एक से 15 जनवरी तक स्कूल रहेंगे बंद

एजेंसी

**●सुबह की पाली के छात्रों की कक्षा सुबह साढ़े आठ से दोपहर 12:50 बजे तक होगी**



**नई दिल्ली।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में एक जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि इस अवकाश के दौरान नौवीं से 12वीं के छात्रों को वार्षिक व बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने के लिए उपचारात्मक (रेमेडियल) कक्षाएं भी लगाई जाएंगी। ये कक्षाएं दो जनवरी से 14 जनवरी तक होंगी। इन कक्षाओं में छात्रों के विषय से संबंधित सिद्धांतों को स्पष्ट किया जाएगा। कक्षाएं दो पाली में आयोजित होंगी।

सुबह की पाली के छात्रों की कक्षा सुबह साढ़े आठ से दोपहर 12:50 बजे तक होगी। वहीं, शाम की पाली के छात्रों की कक्षा दोपहर डेढ़ बजे से लेकर शाम 5:50 बजे तक चलेगी। प्रतिदिन कुल चार विषयों की कक्षाएं लगेंगी। ये कक्षाएं एक-एक घंटे की होंगी।

नौवीं और 10वीं के छात्रों की नियमित अंग्रेजी, विज्ञान और गणित की कक्षा संचालित होगी। वहीं, 10वीं-12वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र से अभ्यास कराया जाएगा। इन कक्षाओं में छात्रों को अपनी स्कूल यूनिफार्म में ही आना होगा।

इन कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त उप शिक्षा निदेशकों को प्रतिदिन दो स्कूलों का निरीक्षण करके ये सुनिश्चित करना होगा कि स्कूलों में उपचारात्मक कक्षाएं लग रही हैं।

## फौरन पहनें मास्क और विदेशी यात्रा से बचें

**नई दिल्ली।** चीन, जापान और अमेरिका समेत विश्व के कई देशों में कोरोना मामलों के अचानक बढ़ने के बाद भारत में इसको लेकर सभी लोगों को सचेत किया जा रहा है। केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारें कोरोना पर आपात बैठक करने की घोषणा कर चुकी है। इस बीच कोरोना केस में तेज वृद्धि को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने जनता से तत्काल प्रभाव से कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के लिए अलर्ट और अपील की है। मेडिकल एसोसिएशन का कहना है कि दुनियाभर में कोरोना के मामलों में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। बीते 24 घंटों में दुनिया में 5 लाख से ज्यादा कोरोना के मामले सामने आए हैं। इसी को देखते हुए कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत दी गई है।

## हंगामें के बीच राज्यसभा अध्यक्ष ने कहा, सदन का दुरुपयोग नहीं होने देंगे !

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को गरमागरम बहस के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह मंच का दुरुपयोग नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि उनके मन में सभी सदस्यों के लिए बहुत सम्मान है, मैं विपक्ष के नेता से हर नोटिस को देखने का आग्रह करूंगा। उन्होंने कई बार विपक्ष के नेता से अनुरोध किया कि वे सदस्यों को अपना आसन ग्रहण करने के लिए मनाएं। चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के नियम 267 के तहत नोटिस अध्यक्ष द्वारा खारिज किए जाने के बाद हंगामा हुआ। इससे पहले सदन में विपक्ष के नेताओं ने सुबह बैठक की और चीन मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए दबाव बनाने का फैसला किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्यारह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**पुखरायां कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील के विकास खंड मलासा के ग्राम बरौर के जेबीसी ग्राउंड में हर वर्ष की भांति स्व किशोरी लाल सचान स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य बरौर संजय सचान, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय सचान, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनुभव अग्रवाल, समाज सेवी राजकुमार सचान ने सर्वप्रथम किशोरी लाल सचान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद फीता काटकर मैच शुरू कराया। प्रतियोगिता के मुख्यसंचालक डॉ प्रतीक सचान ने बताया कि पहला मैच मदनपुर एवं हैदरापुर के बीच खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए मैदान पर ने निर्धारित 10 ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 120 रन बनाए। वहीं जवाब में हैदरापुर की टीम 91 रन में ही सिमट गई।मदन पुर की तरफ से कप्तान रितिक ने सर्वाधिक 21 गेंद पर धुआँधार 53 रन की शानदार पारी खेली।मदन पुर की ओर से प्रांशु सचान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लेते हुए जीत अपने टीम की झोली में डाल दी।अंपायरिंग विकास सचान एवं अभिषेक सचान ने की।स्कोरर की भूमिका कोमल गौतम एवं अभिषेक कांचा ने निभाई।कमेंट्री सुरजीत द्वारा की गई।कार्यकर्ताओं को टी शर्ट भी वितरित की गई।सभी अतिथियों को क्रिकेट कैप दे कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार डॉ अनूप सचान, अजित सचान, डॉ जनमेजय सचान सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने अंग्रेजी शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर।** जनपद में डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा शहर क्षेत्र पहलवारा मे स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान का औचक निरीक्षण किया।वही इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दुकान के बाहर अंग्रेजी शराब के ब्रांड की रेट सूची,स्टॉक रजिस्टर, दुकान का लाइसेंस,विक्रेता का नाम आदि देखा एवं स्टॉक रजिस्टर को प्रतिदिन मेंटेन किए जाने,ब्रांड वाइज सेल नोट किए जाने का निर्देश दिया।साथ ही जिलाधिकारी द्वारा शराब की बोतलों का आबकारी विभाग के ऐप से स्कैन कराकर वैधता का निरीक्षण किया और सभी शराब की बोतलों की वैधता भी चेक की।वही इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शराब के परिवहन व आवागमन के व्यवस्था के संबंध में विस्तृत पूछताछ की तथा किस ब्रांड की मदिरा उपलब्ध है इसके बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।डीएम ने सख्त निर्देश दिया कि मिलावट अथवा अवैध शराब की बिक्री ना हो।यदि मिलावटी शराब की बिक्री पाई गई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।वही इस निरीक्षण के दौरान जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी,आबकारी निरीक्षक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने बस स्टैंट पर देखी व्यवस्था

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने टिक्सी मंदिर के पास बनाये गए ग्वालियर बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर के अन्य स्थानों से सवारियां लेकर चल रही बसों को निर्धारित स्थान से चलाने का दिशा निर्देश दिए। निर्धारित स्थानों के अतिरिक्त अन्य जगह से चल रही बसों के चालान और सीज करने की कार्रवाई करने के लिए भी कहा। डीएम, एसएसपी, एआरटीओ को देख अवैध तरह से खड़े मौरंग के ट्रैक्टर भाग खड़े हुए। बीते बुधवार को प्राइवेट ग्वालियर बस स्टैंड पर बसों से अवैध वसूली को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसी के तहत अब पुलिस प्रशासन ने अब ग्वालियर बस स्टैंड को शहर के टीटी चौकी के पास बस स्टैंड संचालित कराने के कड़े निर्देश दिए। गुरुवार को डीएम, एसएसपी, एआरटीओ थाना कोतवाली क्षेत्र स्तिथ टीटी तिराहा पर तत्कालीन डीएम जेबी सिंह ने सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस के बहार से ग्वालियर बस स्टैंड, भरथना बस स्टैंड, हटवाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद आज तक टीटी तिरहा पर ग्वालियर स्टैंड नहीं संचालित हो सका। कल हुए विवाद के बाद मामला फिर से सुर्खियों में आया और पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी ग्वालियर बस स्टैंड को अब टीटी तिरहा से संचालित करने कड़े निर्देश एआरटीओ को दिए हैं। डीएम अवनीश राय ने बताया कि मुख्यमंत्री, प्रमुख के ऑफिस से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि जो शहरों में बस, टैक्सी चलती है, वह नियत स्थान से चलें। इसी क्रम में यह स्थान चिह्नित है। हमारा प्रयास है कि शहर में जो बसें चल रही हैं, वह इसी स्थान से चलें। जो शिकायतें मिली थीं, उस पर वाहनों का सीज करवाया गया है।

### पूर्व एमएलसी का बीहड़ी क्षेत्र में जगह जगह हुआ स्वागत

**चकरनगर,इटावा।** चंबलघाटी क्षेत्र में पहुंचे पूर्व एमएलसी का सपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह स्वागत किया गया। आपको बता दें कि शिवपाल सिंह यादव के बेहद करीबी पूर्व एमएलसी मिनी रामनरेश यादव का चकरनगर चौराहा पर सपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया इसके उदी रोड पर नीरज सिंह यादव के आवास पर सपाइयों ने उक्त सपा नेता का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।इस दौरान निबर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रत्यासी लंकू यादव व सपा नेता राजेन्द्र यादव व भोले यादव,राजेश यादव पूर्व प्रधान,सल्ली यादव,तेज सिंह यादव,गुड्डू यादव सहित दर्जनों लोगों ने स्वागत किया।

### घटना के 24 घण्टे बाद भी नहीं लगा सुराग

**चकरनगर,इटावा।** बिगत दिवस पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुराघार से दो किशोरों सहित एक किशोरी गायब हो जाने के 24 घण्टे बाद भी कहीं कोई सुराग आदि नहीं लगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार वशिष्ट ने बताया कि उक्त घटना में पुलिस की चार टीमें लगा दी गई है।जिसमें दो पुलिस की व एक सर्बलाइन्स व एसटीएफ की टीम निरन्तर कार्य कर रही है। जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा।अवगत हो कि दो किशोर घर फोन खरीदने के लिए निकट कस्बा चकरनगर आए थे तथा किशोरी जंगल से भैंस लेने गई थी इसी बीच दो घण्टे के अंतराल में तीनों लापता हो गए थे।थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से लगातार चार टीमें उक्त घटना के अनावरण करने के लिए कार्यरत है।

### एकदिवसीय खाद्य मेले का विकास भवन में हुआ आयोजन

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय खाद्य उद्योग मेला का आयोजन विकास भवन में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय कक्ष में किया गया। मेले में जिला उद्यान अधिकारी सी0पीअवस्थी द्वारा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत किसी प्रकार का खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित उद्योग लगाने पर लागत का पैंतीस प्रतिशत अधिकतम दस लाख अनुदान देय है।योजना क्रेडिट लिंक है।लाभार्थी द्वारा डी0आर0पी0 के माध्यम से पी0एम0एफ0एम0ई0 पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन किया जाता है। योजनान्तर्गत नई इकाईयो की स्थापना के साथ ही पूर्ण स्थापित इकाईयों के उच्चीकरण पर भी अनुदान उपलब्ध है। मेले में खाद्य प्रसंस्करण का क्षेत्र एवं इसमें उद्यम एवं रोजगार की सम्भावनाओं विषय में विस्तार से अवगत कराया गया।बैंकर्स ने पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं को आसानी से ऋण स्वीकृत होने के सम्बन्ध में उपयोगी सुझाव दिये तो वहीं परियोजना के अन्तर्गत छह नये ऑन लाइन आवेदन भी किये मेले में अग्रणी जिला प्रबंधक बैंकर्स डीआरपी व विभागीय कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने बाले इच्छुक उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### युवक की गोली मारकर हत्या, खेत में पड़ा मिला शव

**इटावा।** जिले में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक को घर से बुलाकर हत्या करके शव को फेंककर हत्यारे फरार हो गए। हत्या के कारणों का अबतक पता नहीं चल सका है। मृतक घनश्याम सिंह का शव नगरिया यादवान और बालाहार के पास रास्ते में पड़ा मिला। घटना की सूचना पर एसएसपी जय प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे। घटना थाना भरथना क्षेत्र के नगला यादवान की है। बीते बुधवार को रात को 22 वर्षीय युवक घनश्याम सिंह को कुछ अज्ञात लोग अपने साथ घर से बुलाकर ले गए और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। युवक के शव को फेंककर अज्ञात हत्यारे फरार हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को परिजनों के साथ जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां युवक का डॉक्टरों ने परीक्षण किया और उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन ने बताया कि घर से एक किलोमीटर की दूरी पर खेत पर किसी के साथ गया था। लेकिन करीब नौ बजे घनश्याम के खेत के पास पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद उसको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की वजह के बारे में परिजन कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

# संजीवनी का काम करेगी ''राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है'' : संजय सिंह

## राजनीतिज्ञ केवल अन्याय के खिलाफ संघर्षशील योद्धा और सत्याग्रही के तौर पर ही जानते है

संवाददाता

●देश में जब तक राजनारायण जिंदा है तब तक देश में लोकतंत्र खत्म नहीं होगा

●राजनेताओं में समानता की भूख की बजाय परिवारवाद की भूख अधिक है



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि ''राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है'' पुस्तक समाजवादी विचारों एवं आंदोलनों पर विश्वास रखने वालों के लिये संजीवनी का काम करेगी। सांसद संजय सिंह यहां गांधी प्रतिष्ठान में समाजवादी चिंतक और राजनारायण के शिष्य व लेखक शाहनवाज हुसैन की लिखित पुस्तक ''राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है!'' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन लोकबंधु राजनारायण के लोग ट्रस्ट, लखनऊ के तत्वावधान में किया गया। सांसद सिंह ने कहा कि राजनारायण को अधिकांश समाजवादी, बुद्धिजीवी एवं राजनीतिज्ञ केवल अन्याय के खिलाफ संघर्षशील योद्धा और सत्याग्रही के तौर पर ही जानते हैं। इसी को उनका व्यक्तित्व-कृतित्व मानकर उनका सतही मूल्यांकन किया जाता रहा, लेकिन राजनारायणजी की स्वतंत्रता सेनानी से शुरू होकर लोकबन्धु तक की यात्रा अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजवादी चिंतक एवं विचारक रघु ठाकुर ने आजादी में शामिल लोगों का इतिहास दबा दिया गया। राजनारायण की लोकतंत्र के प्रतिबद्धता को देखते हुए एक बार राममनोहर लोहिया ने कहा था कि देश में जब तक राजनारायण जिंदा है तब तक देश में लोकतंत्र खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राजनारायण का पूरा जीवन संघर्ष में बीता। उन्होंने पहले आजादी के लिए संघर्ष किया, फिर वे समाजवाद के लिए लड़े और फिर उन्होंने अंतिम दिनों में अपनों से संघर्ष किया। आज के राजनेताओं में समानता की भूख की बजाय परिवारवाद की भूख अधिक है। यदि समानता की भूख नहीं होगी तो देश को लोहिया, मधुलिमए और राजनारायण जैसे लोग समाज में पैदा नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आज पूंजीवाद से कोई नहीं लड़ रहा बल्कि जातीय संगठन खुद एक दल बनते जा रहे। यह संविधान और सेक्यूलर के लिए खतरा है। कार्यक्रम की सदारत कर रहे पूर्व सांसद उबैदल्लाह खान आजमी ने कहा कि देश में कुछ लोग हिन्दु मुस्लिम, कुछ अपने गांव शहर व स्कूल, कुछ लोग अपनी सियासत, धर्म और धर्मनिरपेक्षता से पहचाने जाते हैं। वहीं राजनारायण के नाम से बनारस से लेकर पूरा हिन्दुस्तान पहचाना जाता है। उनके नाम से जम्हूरियत और सेक्यूलरिज्म पहचाना गया। ऐसी शख्शियत को आज हम सब श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनारायण के एक्शन के सामने रिएक्शन ने दम तोड़ दिया था।

उन्होंने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि आज जो उनका एक्शन है, उसका दम तोड़ने के लिए राजनारायण के रिएक्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सफेद अंग्रेज चले गए लेकिन वे अपनी काली औलादें यहीं पैदा कर गए। अंग्रेजों ने हिन्दुस्तानियों को गुलामी की जंजीरों में कस हिन्दुस्तानियों को तबाह किया था, आज अंग्रेजों की काली औलादें हिन्दुस्तान के मजबूत नजरिए को दफन करने के चक्कर में पड़ी है। पूर्व सांसद आजमी ने कहा कि शरीर पर एक निकल रहे एक के बाद एक फोड़ों से निजात पाने के लिए अब टैबलेट और इंजेक्शन से काम नहीं चलेगा। आज लोकतंत्र पर डिक्टेटरशिप और समाजवाद पर जहरवाद के फोड़े निकल रहे हैं, इन फोड़ो से निजात पाने के लिए टैबलेट और इंजेक्शन से काम नहीं चलेगा। अगर शरीर को मजबूत रखना है तो शरीर के खराब खून को बदलना होगा। इस खराब खून का नाम आरएसएस और भाजपा है। इसके लिए आप सबको आगे आना होगा। वरिष्ठ समाजवादी चिंतक-विचारक एवं पूर्व विधायक प्रो.राजकुमार जैन ने कहा कि सत्ताधारियों का गुणगान होना एक मामूली रिवायत है, परंतु राजनारायण के इंतकाल के 36 बरस बाद भी अगर आज उनकी बातें होती है और उनको यादों में जिंदा रखने के लिए दीवाने इस मशाल को जलाए हुए हैं। उसी की एक मिसाल मेरे सोशलिस्ट साथी शाहनवाज अहमद कादरी हैं। हैदराबाद से आए वरिष्ठ समाजवादी चिंतक-विचारक एवं पूर्व जज ठाकुर गोपाल सिंह ने कहा कि राजनारायण समाजवाद को राष्ट्र की प्रगति का एक प्रधान कारण मानते थे और वह दलितों को मुख्यधारा से जोड़कर समाज और राष्ट्र का विकास चाहते थे। समारोह में डा लोहिया एवं राजनारायण के सैद्धान्तिक एवं वैचारिक संघर्षों के लिये अनवरत प्रयत्नशील रहने वाले सांसद संजय सिंह, पूर्व न्यायाधीश ठाकुर गोपाल सिंह, सोशल एक्टिविस्ट अभिषेक रंजन सिंह, सोशल एक्टिविस्ट अभय सिन्हा और शोधकर्ता श्रीमती निशा राय को लोकबन्धु साहित्य रत्न सम्मान 2022 से विभूषित किया गया। पुस्तक 'राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है' के लेखक व संपादक समाजवादी चिंतक शाहनवाज हुसैन कादरी ने किया और इसके सलाहकार संपादक का दायित्व वरिष्ठ पत्रकार ओम पीयूष ने किया है। कार्यक्रम को महाराष्ट्र के शब्बीर विद्रोही, वरिष्ठ नेता हरीश खन्ना, बिहार के पूर्व मंत्री इखलाक, संविधान बचाओ आंदोलन से जुड़े सफी साहब ने भी संबोधित किया। इसके अलावा डॉ सुनीत दीवान, समाजवादी क्रांति प्रकाश, टिल्लन रिछारिया, गोपालजी राय आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# जिले में भाजपा के टिकट के लिए 18 आवेदन

**नगर पंचायत से चंद्रमा देवी का नाम शामिल, सबसे से ज्यादा 12 आवेदन गौरीगंज नगर पालिका से**



**अमेठी।** जिले में सर्द के मौसम में भी पारा गर्म है। एक तरफ तरफ जहां नेताओ ने आरोप प्रत्यारोप और बयानबाजी को लेकर जिले में घमासान मचा हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के आदेश का भी नगर निकाय के प्रत्याशियों को बेसब्री से इंतजार है। अमेठी की दो नगर पंचायत और दो नगर पालिका सीटों पर चुनाव आने वाले दिनों में होना है ऐसे में आरक्षण का मामला कोर्ट में जाने के बाद सभी प्रत्याशियों को कोर्ट के आदेश का इंतजार है। बात करें कि अमेठी जिले के नगर निकाय चुनाव की करें तो जिले की दो नगर पंचायत अमेठी और मुसाफिरखाना है, जबकि जायस और गौरीगंज नगर पालिका है।जायस नगर पालिका अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुई है, जबकि गौरीगंज नगर पालिका सामान्य है। मुसाफिरखाना नगर पंचायत सामान्य है, जबकि अमेठी नगर पंचायत महिला के लिये आरक्षित हुई है। अभी तक किसी पार्टी द्वारा अपने आवेदकों की लिस्ट नहीं जारी की गई है। जिले की दो नगर पंचायत और एक नगर पालिका पर भाजपा का कब्जा था, जबकि जिला मुख्यालय गौरीगंज की सीट सपा के कब्जे में थी। टिकट को लेकर सबसे ज्यादा घमासान भाजपा में मचा हुआ है।अमेठी नगर पंचायत से निरवर्तमान चौयरमैन चंद्रमा देवी,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र की भाभी समेत तीन लोगों ने आवेदन किया है। वही नगर पालिका जायस से एक और मुसाफिरखाना से दो लोगों ने आवेदन किया है। सबसे ज्यादा घमासान जिला मुख्यालय गौरीगंज नगर पालिका सीट पर जहां 12 लोगों ने आवेदन किया है। अमेठी नगर पंचायत सीट से आवेदन करने वाली चंद्रमा देवी निरवर्तमान चौयरमैन है और पिछले तीन पांच वर्षीय से चेयरमैन रह चुकी है।चंद्रमा देवी भाजपा नेता और जिला पंचायत अद्यक्ष राजेश अग्रहरि की पत्नी है।वही इसी सीट से भाजपा युवा मोर्चा के अद्यक्ष विषुव मिश्रा की भाभी ने भी आवेदन किया है।जबकि एक और महिला का भी आवेदन हुआ है।

# उत्तर प्रदेश के पदक विजेता ताइक्काण्डो खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**लखनऊ।** हाल ही में हुई 13वीं राष्ट्रीय ताइक्काण्डो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को गुरुवार को आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश गुडविल ताइक्काण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में यूपी प्रेस क्लब में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नवीन अरोरा (आईपीएस) एवं महासचिव जावेद खान ने पदक विजेताओ को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। नवीन अरोरा ने अपने आर्शीवचन में कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली ताइक्काण्डो के प्रोत्साहन और उन्हें जरुरी सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उत्तर प्रदेश की ताइक्काण्डो टीम ने गत तीन से चार दिसंबर, 2022 तक देहरादून में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय ताइक्काण्डो प्रतियोगिता में 15 स्वर्ण, 28 रजत व 33 कांस्य पदक सहित कुल 76 पदक के साथ ओवरऑल उपविजेता ट्राफी जीती थी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गुडविलड्ड ताइक्काण्डो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव (संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग), कोषाध्यक्ष हिना हबीब, संयुक्त सचिव रजा हुसैन, सदस्य राजशेखर, खुर्शीद अहमद बख्शी, डा.एके शुक्ला व अन्य मौजूद थे।

# मनोज मुन्तशिर के समर्थन में उतरे जिला पंचायत अध्यक्ष

**अमेठी।** बॉलीवुड के मशहूर गीतकार मनोज मुन्तशिर के बयान पर अमेठी में सियासत शुरू हो गई है। एक दिन पहले मनोज मुन्तशिर के बयान से नाराज दर्जनों युवक और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई के लिये एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आज भाजपा नेता राजेश अग्रहरि मनोज मुन्तशिर के समर्थन में उतरे। अमेठी कस्बे में सैकड़ों लोगों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेता राजेश अग्रहरि ने मनोज मुन्तशिर का समर्थन किया। दरअसल अमेठी के रहने वाले बॉलीवुड के मशहूर गीतकार मनोज मुन्तशिर ने मध्यप्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान कुछ विवादित बयान दिए थे। इसी बयान को लेकर आक्रोशित युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक दिन पहले प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सड़क पर उतर आए और मनोज मुन्तशिर के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान राजेश अग्रहरि ने कहा कि कांग्रेस के बचे खुचे नेताओं ने जो काम किया उससे अमेठी की जनता लज्जित है। अमेठी के रहने वाले मनोज मुन्तशिर अमेठी के लाल हैं।

## शिक्षक शंकुल बैठक विपिन शांत की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** विकासखंड की न्याय पंचायत खेड़ाकुर्सी के समस्त शिक्षक संकुल, प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक डायट प्रवक्ता विपिन कुमार शांत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय मांधाता विदाता में आयोजित बैठक में डायट प्रवक्ता विपिन कुमार शांत ने निपुण भारत अभियान और उसके लक्ष्य को लेकर चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में प्रेरणा सूची, शिक्षक डायरी, समृद्ध, माड्यूल, बाल संसद का गठन करने का निर्देश दिया।

# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**बलरामपुर।** जनपद के ब्लाक खंड गैण्डास बुजुर्ग मे मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश में मिशन वात्सल्य के तहत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग में सम्पन्न हुई। वही इस बैठक के दौरान बद्री विशाल, परामर्शदाता,जिला बाल संरक्षण ईकाई,बलरामपुर द्वारा बिन्दुवार ब्लॉक कल्याण एवं संरक्षण समिति को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया साथ ही मिशन वात्सल्य योजना बच्चों की सुरक्षा,संरक्षण पर कार्य करती है, जिसमें देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट बलरामपुर में स्थित बाल कल्याण समिति तथा विधि विवादित किशोरों के सम्बन्ध में किशोर न्याय बोर्ड बलरामपुर द्वारा अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।साथ ही स्पान्सरशिप योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।वही इस बैठक के दौरान समिति द्वारा इन योजनाओं के अन्तर्गत वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने हेतु प्रचार-प्रसार कराये जाने की अपेक्षा की गयी। बाल विवाह,बालश्रम,भिक्षावृत्ति, बाल यौन शोषण एवं ट्रैफिकिंग के प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों, 1098 चाइल्ड लाइन नम्बर या सम्बन्धित थाने पर सूचना देने तथा क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों को चिहिन्त कर विद्यालय में प्रवेश कराये जाने की अपेक्षा की गयी। क्षेत्र में परित्यक्त नवजात शिशुओं के लावारिस मिलने की सूचना पर तत्काल पुलिस,बाल कल्याण समिति,जिला बाल संरक्षण इकाई,1098 चाइल्ड लाइन,डायल 112 इत्यादि को सूचित किया जाए ताकि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।वही इस बैठक के दौरान बैठक में ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायत गैण्डास बुजुर्ग राकेश कुमार तिवारी,खण्ड विकास अधिकारी गैण्डास बुजुर्ग मनोज कुमार शर्मा,बाल विकास परियोजना अधिकारी गैण्डास बुजुर्ग राजेन्द्र कुमार,सहायक विकास अधिकारी पंचायत राधेश्याम,खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि हेमन्त कुमार,प्र0 चिकित्साधिकारी प्रतिनिधि त्रिलोकीनाथ आदि तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गन्ना क्रयकेन्द्रों पर गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा घटतौली पर अंकुश लगाये जाने के निर्देश

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर पर घटतौली के दैनिक अनुश्रवण तथा इस क्रम में गन्ना मंत्री, लक्ष्मी नारायण चौधरी के निर्देश पर व्यापक कृषक हित में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा पेराई सत्र 2022-23 के प्रारम्भ से ही गन्ना कृषकों के हित में क्रय केन्द्रों पर घटतौली रोकने हेतु अधिकारियों को लगातार निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश की समस्त चीनी मिलों के गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय-केन्द्रों पर संस्थापित तौलन यंत्रों के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एवं ए.एम.सी. प्रदाताओं की बैठक गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा की गई।प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा वर्तमान पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रयकेन्द्रों पर सुचारू रूप से गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत व्यापक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इन दिशा-निर्देशों को धरातल स्तर पर पालन कराने तथा घटतौली की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिये प्रभावी कदम उठाते हुए आज की बैठक का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है।

# स्मार्ट सिटी विषय पर जिला स्तरीय पोस्टर प्रदर्शनी कार्यक्रम सम्पन्न

**लखनऊ।** आवर ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी, ड्रीम सिटी एण्ड स्मार्ट सिटी विषय पर जिला स्तरीय पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज, इन्दिरा नगर लखनऊ में किया गया। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार प्रो0 कृष्ण चंद बाजपेई ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रदर्शनी को सफल बनाया। इस विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल में शामिल रश्मि माथुर, कला अध्यापिका, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, शाहमीना रोड, लखनऊ, कुसुमलता गुप्ता, कला अध्यापिका, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, नरही, लखनऊ एवं सुनमी सोनी, कला अध्यापिका, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत पोस्टरों का कई मानकों पर मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि प्रो0 कृष्ण चंद्र बाजपेई द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। तदोपरान्त उनके द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# कोरोना की गाइडलाइन का पालन करते हुए संचालित किये जायें रैन बसेरे नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने दिए निर्देश

संवाददाता

●रैन बसेरों में पर्याप्त गर्म कपड़े, रजाई, कम्बल का मुकम्मल इंतजाम हो

●सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यवस्था की जाये

●ठंड में खुले आसमान के नीचे, फुटपाथों, सड़कों के किनारे सोने को मजबूर न हो



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा है कि सभी निकायों में बेसहारा, निराश्रितों, बेघरों व गरीबों को ठंड और शीतलहर के प्रकोप से बचाने के लिए सभी रैन बसेरों को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाये। इन रैन बसेरों में पर्याप्त गर्म कपड़े, रजाई, कम्बल का मुकम्मल इंतजाम हो। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि इस समय कोई भी व्यक्ति ठंड में खुले आसमान के नीचे, फुटपाथों, सड़कों के किनारे सोने को मजबूर न हो। शहरों में बनाये गये स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों की लोगों को जानकारी देने के लिए पर्याप्त शाइनेज लगाये जायें, जिसमें संचालक का नाम व मोबाइल नम्बर भी दर्ज हो। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि रैन बसेरों में बेहतर साफ सफाई पर ध्यान दें तथा महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था के साथ संचालित किये जायें। उन्होंने कहा कि देर रात भी कोई व्यक्ति रैन बसेरे पर पहुँचता है, तो उसके लिए भी ठहरने की व्यवस्था हो। उन्होंने सभी निकाय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चीन सहित कई अन्य देशों में इस समय कोविड-19 महामारी व्यापक रूप से फैल रही है। इसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री जएवं मुख्यमंत्री ने भी इसकी चिन्ता व्यक्त की है और सभी कार्यक्रमों को कोविड की गाइडलाइन के अनुसार ही संचालित करने को कहा है। उन्होंने लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से सभी रैन बसेरों में विशेष सतर्कता बरतते हुए कोरोना के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। मास्क लगाने और सामाजिक दूरी का अनुपालन कराया जाये तथा हेल्पडेस्क की स्थापना के साथ नियमित रूप सेनेटाइजेशन की भी व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने निकायों के सभी रैन बसेरों की सघन मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए, जिससे की कोई भी अव्यवस्था न होने पाये। ए0के0 शर्मा ने सभी रैन बसेरों में पर्याप्त पानी एवं बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा विस्तरों की नियमित साफ-सफाई कराने को कहा। सभी आश्रय स्थलों पर लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कोई भी व्यक्ति रैन बसेरा में रात में भूखा न सोये इसकी भी चिन्ता करनी है। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के दौरान लोगों को गरम पानी और हो सके, तो गर्म चाय की भी व्यवस्था करायी जाये। उन्होंने कहा कि अस्पताल, मेडिकल कालेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन ऐसे स्थल है जहां पर लोगों की मजबूरियां व समस्याएं होती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हाइक एजुकेशन द्वारा एएमयू के छात्रों का चयन

**अलीगढ़।** गुरुग्राम स्थित एड टेक कंपनी, हाइक एजुकेशन ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सात छात्रों को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस-जनरल के एक भर्ती अभियान के माध्यम से व्यवसाय विकास प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर साद हमीद ने कहा कि चयनित छात्रों में एमबीए के छात्र राहिल फिरोज, खान मोहम्मद साजिद, मोहम्मद मुशफ्कीन और सबा हसन और पीजीडीबीएम की छात्रा अतीबा वहीद, मयंक तिवारी और असद अहमद शामिल हैं।

### मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय कुमार निषाद ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निमंत्रण को लेकर तीन देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, मेक्सिको के दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन स्थित कार्यालय में जाकर मुलाकात की। डॉ. संजय निषाद ने मुख्यमंत्री को नाव प्रतीक चिन्ह का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### जेएन मेडीकल कालिज में गुड क्लीनिकल प्रेक्टिस पर कार्यशाला का आयोजन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा हाल ही में 'गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस' पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में नैदानिक परीक्षणों के लिए अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों और नियमों की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए देश भर के रिसोर्स पर्सन जमा हुए। पिछड़ी आबादी क्षेत्र में नैदानिक परीक्षणों पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली की प्रोफेसर वंदना रॉय ने कहा कि नैदानिक परीक्षणों के लिए नामांकित कई व्यक्तियों को कमजोर माना जा सकता है, और इस तरह के परीक्षण अक्सर कमजोर व्यक्तियों की कम क्षमता के कारण चिंता पैदा करते हैं। इसलिए यह पता लगाना अत्यावश्यक है कि किस प्रकार के हस्तक्षेप प्रभावी हैं, जिनका कोई प्रभाव नहीं है और जो फायदे से अधिक नुकसान पहुँचाते हैं। उन्होंने पिछड़ी आबादी में नैदानिक परीक्षणों से जुड़ी विशिष्ट चुनौतियों पर प्रकाश डाला और इन समस्याओं को दूर करने के लिए संभावित समाधान सुझाए। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स, नई दिल्ली के डॉ सुधीर सारंगी ने बताया कि नैदानिक परीक्षण प्रतिभागियों को अनुसंधान के उद्देश्य के बारे में उनकी भूमिका तथा परीक्षण को समझने में मदद प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि क्लिनिकल परीक्षण के इच्छुक लोगों को नैदानिक परिक्षण में भागीदारी के लिए अपेक्षित समय, नैदानिक परीक्षण पर नामांकन के दौरान पूरी की जाने वाली प्रक्रियाओं और पूर्वानुमानित जोखिमों और असुविधाओं के बारे में पता होना चाहिए। फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के डीन, प्रोफेसर एमयू रब्बानी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बहु-केंद्रीय नैदानिक परीक्षण आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

जेएनएमसी के प्रिंसिपल, प्रोफेसर राकेश भार्गव ने नियमित रूप से शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों को अच्छे नैदानिक अभ्यास पर उनकी समझ और विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण देने का आह्वान किया। वरिष्ठ ड्रग सेफ्टी फिजिशियन, डॉ मनोज ने गंभीर प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं की सुरक्षा रिपोर्टिंग पर फार्मा उद्योग के दृष्टिकोण पर एक व्याख्यान दिया।

### ओवररेटिंग की शिकायत पर छापेमारी,पांच दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड, दो को नोटिस जारी

**बहराइच।** ओवररेटिंग समेत अन्य शिकायतों पर डीएओ ने नानपारा तहसील क्षेत्र में कई दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान खाद व बीज बिक्री का ब्योरा प्रस्तुत न करने पर पांच दुकानों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया। साथ ही क्रय-विक्रय अभिलेखों में अंतर पाए जाने पर दो दुकानदारों से स्पष्टीकरण तलब किया। जांच में खाद की गुणवत्ता गड़बड़ मिलने पर छह सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। नानपारा तहसील क्षेत्र के किसानों ने इमामगंज में बिना टैग व ओवररेटिंग पर खाद बीज बिक्री की शिकायत जिला कृषि अधिकारी से की थी। इस पर डीएओ ने छापेमारी की। रिया खाद, बीज भंडार, कृष्णा खाद बीज भंडार, मौर्या खाद बीज भंडार, अंसारी खाद बीज भंडार और नानपारा देहात में अब्दुल कलाम की दुकान पर क्रय-विक्रय अभिलेखों का सत्यापन किया। दुकानदारों की ओर से सही रिपोर्ट नहीं मिलने पर सभी दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया। चंद्र प्रकाश व विनीत गिरि भंडार की जांच में लेखा-जोखा सही नहीं पाया गया। इस पर दोनों दुकानदारों से जवाब तलब किया गया। जांच के दौरान खाद के छह नमूने भी भरे गए। तीन दिनों के अंदर सभी से जवाब मांगा गया है। इसके बाद कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध,जैन समाज के लोगों ने निकाला जुलूस

**बहराइच।** जैन पंथ के प्रमुख तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने पर जैन समुदाय में आक्रोश है। जैन समाज की ओर से शहर के ब्राह्मणीपुरा स्थित जैन मंदिर से विरोध प्रदर्शन जुलूस की शुरुआत हुई। शहर भ्रमण के पश्चात जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचकर संपन्न हुई। जैन समाज के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर जी पर्वत को पर्यटक स्थल घोषणा किए जाने पर एक सामूहिक शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन नगर इलाके में निकाला गया। उन्होंने सरकार से इस फैसलों को वापस लेने की मांग की। जैन समाज के जिला अध्यक्ष अजय जैन व राष्ट्रीय विमर्श महिला मंच की जिला अध्यक्ष डिम्पल जैन ने बताया कि विरोध-प्रदर्शन में जैन समाज के साथ अन्य समाज के लोग एवं सामाजिक संगठन विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने अपनी भागीदारी की। विरोध-प्रदर्शन में भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल, जय जय अग्रवाल, कन्हैया सोनी, विपिन यज्ञसैनी, जैन समाज के महामंत्री रितेश जैन, पीयूष जैन, अविनाश जैन, संदीप जैन, आशीष जैन, सुधीर जैन, निलेश जैन, संजीव जैन, सुभाष जैन, राष्ट्रीय विमर्श मंच महिला की सदस्य अंजलि जैन, सुलभ जैन, आराधना जैन, नम्रता जैन, मंजू जैन, सुचिता जैन, रूबी आदि जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कोहरे से लिपटी तराई,10 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान, रेंगते नजर आए वाहन

**बहराइच।** जिले में घने कोहरे के साथ हो रही सर्दी जनजीवन की मुश्किलें बढा रही है। कोहरे के कारण लोगों के रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। बढ़ते कोहरे से तापमान लुढ़क गया। गुरुवार को सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री लुढ़क गया। सड़क और रेल यातायात कोहरे के कारण सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। घना कोहरे से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गयी है। लगातार कई दिनों से सुबह कोहरा होने के साथ ही अधिकतम तापमान मे गिरावट हो रही है। यह आने वाले दिनों में कड़ाके की सर्दी के संकेत हो सकते हैं। सेवानिवृत्त मौसम वैज्ञानिक डा. एमबी सिंह ने बताया कि अभी मौसम शुष्क रहेगा। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### वन विभाग को राजस्व का हो रहा लाखों का नुकसान

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में पड़ने वाले मंझरा डैम का ठेका इस वर्ष नही हो पाया है। इसकी वजह वन विभाग चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज पर अत्यधिक क्लोजर बता रहा है। वन विभाग के अनुसार पूर्व मे बैराज का क्लोजर वर्ष में सिर्फ दो बार ही होता था लेकिन इस बार अत्यधिक क्लोजर होने की वजह से कोई ठेकेदार डैम का ठेका लेने के लिए हिम्मत नही जुटा पा रहा है। वन विभाग की तरफ से चार बार इसका टेंडर भी जारी किया जा चुका है। लेकिन कोई ठेकेदार बोली के लिए खड़ा नही हो सका। इसकी समय सीमा भी निकल चुका है। मंझरा डैम में मछली शिकार का ठेका प्रतिवर्ष होता है। और इसका ठेका सिर्फ एक वर्ष के लिए होता है।

# कोविड को लेकर सख्ती नहीं सतर्कता जरूरी

## हर पॉजिटिव केस की होगी जीनोम सिक्वेंसिंग: ब्रजेश

संवाददाता

● मीटिंग के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी मशीनरी को एक्टिव किया गया

●एडवाइजरी भी जारी की गई है लेकिन जरूरत पड़ी तो सख्ती भी की जाएगी



**लखनऊ।** कोरोना की आहट को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की आज गुरुवार को हाईलेबल मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी मशीनरी को एक्टिव किया गया है। एडवाइजरी भी जारी की गई है लेकिन जरूरत पड़ी तो सख्ती भी की जाएगी। अभी भारत में चिंता वाली कोई बात नहीं है लेकिन संभावित स्थिति से निपटने के लिए एहतियात बहुत जरूरी है। नागरिकों को मास्क लगाकर ही बाहर निकलने की सलाह दी।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हर नागरिक को कोविड नियमों के पालन की सलाह दी गई है। पुलिस और प्रशासन को इन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरुक करने को कहा गया है। सभी अस्पतालों को एक्टिव करने, आक्सीजन प्लांटों का रखरखाव ठीक सकते हुए इन्हें चालू रखने पर जोर दिया। सबसे पहले संभावित स्थिति का आंकलन कर समय रहते जरूरी तैयारियां पूरी हो जानी चाहिए। इस संबंध में खतरा एक दम सामने आ जाने का इंतजार नहीं किया जा सकता। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चीन समेत अन्य देशों में कोरोना पांव पसार रहा है। भारत में चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है लेकिन सतर्कता जरूरी है। उल हम पहले से सतर्क रहे तो ऐसी नौबत ही नहीं आएगी। अभी इसके लिए कड़ाई करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के अलावा अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ही एक आदेश जारी कर सभी रैन बसेरों का संचालन कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार करने को कहा था। उन्होंने बताया कि बेसहारा, निराश्रित और कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड और शीतलहर के प्रकोप से बचाने के लिए ये रैन बसेरे संचालित किए जा रहे हैं लेकिन इन रैन बसेरों में संक्रमण रोकने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन जरूरी है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय कर दी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय टीम-09 के साथ समीक्षा बैठक करते हुए लोगों को जागरुक करने पर बल दिया। लोग भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाये। उन्होंने अधिकारियों और डॉक्टरों को नए वैरिएंट पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर पॉजिटिव केस की जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाएगी। उन्होंने समीक्षा बैठक के बाद बताया कि उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। यहां बीते 24 घंटे में कोई नया मरीज नहीं मिला ह। मुख्यमंत्री ने सरकारी मशीनरी को कोविड टेस्टिंग और टीके की प्रीकॉशन डोज बढ़ाने के निर्देश दिए उन्होंने लोगों से घबराने के बजाय सतर्कता बरतने की अपील की। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 185 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,76,515 पर पहुंच गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,402 रह गई है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार की सुबह जारी अद्यतन आंकड़ों में हुई है।इसमें बताया गया है कि दिल्ली में संक्रमण से एक और मरीज की मौत के बाद अब तक मृतक संख्या बढ़कर 5,30,681 हो गई है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में छह मामलों की कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,41,42,432 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का किया आयोजन

संवाददाता




**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ के द्वारा इंदिरा नगर स्तिथ कन्वेंशन सेंटर बैक पोर्सन मे एक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

प्रदर्शनी के प्रथम दिन से ही बडी मात्रा में भीड़ देखी जा रही है और लोगों के द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा खरीददारी की जा रही हैं। ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे आवला से बने उत्पाद राजस्थानी नमकीन तथा मेघदूत के उत्पाद जैसे शैम्पु , साबुन , फ़ेसवास, क्रीम , हेयर ऑयल, इत्यादि देहरादून का शुद्ध शहद के साथ साथ शीट का मौसम होने के कारण ऊनी सामान जैसे सदरी, कोट, शॉल, कंबल, एवं रजाई, गद्दा, की भारी मात्रा मे विक्री हो रही हैं। खादी के बने वस्त्र जैसे कि मोदी सदरी, कुर्ता पैजामा, शर्ट, तथा, जूट से निर्मित उत्पाद भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खादी के उत्पादों पर 20त्न की छूट प्रदान की जा रही हैं। प्रदर्शनी प्रतिदिन साय 5 बजे से रात 8 बजे तक नृत्यंजलि फाउंडेशन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ जनपद के जाने माने कलाकारों के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। वैदेही वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा खादी को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं ने खादी की साड़ी पहन कर वॉक किया उसके बाद महिलाओं को और वैदेही फाउंडेशन की अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। ये जानकारी देते हुए नृत्यांजलि फाउंडेशन के अध्यक्षा रागिनी श्रीवास्तव ने बताया के कल खादी को बड़वा देने के लिए मिस्टर और मिस खादी का आयोजन आज किया जा रहा है। व साथ ही साथ नवकला अकेडमी के बच्चों द्वारा क्लासिकल डांस का भी आयोजन किया गया हैं।

स्वछ भारत मिशन को बढ़ावा देने एवं प्लास्टिक थैलों का इस्तेमाल कम करने के लिए पर्यवारण अनुकूल खादी संस्थाओं द्वारा बेहतर एवं सस्ते दर पर खादी का थैला भी प्रदर्शनी में बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

## मण्डलायुक्त ने साफ-सफाई की समीक्षा बैठक, कार्यों में लापारवाही नही बर्दाश्त

संवाददाता

● जोन के सभी जोनल अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा कराये जा रही साफ-सफाई की समीक्षा बैठक की गयी। इस अवसर पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पकंज सिंह, अपर नगर आयुक्त अविनन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अभय पाण्डेय, जोन के सभी जोनल अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने बैठक के दौरान जोन वाइज सभी जोनल अधिकारियों से एक-एक करके जोन वाइज जानकारी ली गई। जोन (1) के सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि 40 हत्थू ठेले नये उपलब्ध कराये गये है। जोन (3) में 20 हत्थू ठेले नये उपलब्ध कराये गये है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया है कि 1500 हत्थू ठेले का डिमाण्ड किया गया है। जो जल्द से जल्द सभी जोनों में उपलब्ध करा दिया जायेगा। मण्डलायुक्त ने बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन गाड़ियों की मरम्मत, डेटिंग व पेंटिग नही हुई है। साथ ही जिन गाड़ियों की मरम्मत करानी है उन गाड़ियों की रिपेयर कार्य चिन्हित कर लिया जाये। सभी पीसीटीएस जोन वाइज कार्य करे। मण्डलायुक्त ने कहा कि रोड़ स्वीपिंग, लिफ्टिंग नियमित रूप से कराते रहे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो भी ट्रान्सफर स्टेशनों की मरम्मत हो, डिमांड आने पर उसे उपलब्ध कराने को कहा हैं।

## कोल जाति को मिले अनुसूचित जनजाति का दर्जा

संवाददाता

**लखनऊ।** कोल जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के जनजाति कल्याण मंत्रालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु संस्तुति भेजने हेतु अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, संस्थापक सदस्य, आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट द्वारा प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश को एक पत्र भेजा गया है जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को भी भेजी गई है। शासन को भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, प्रयागराज, बांदा और चित्रकूट जनपदों में कोल आदिवासी जाति की बहुत बड़ी आबादी रहती है जिसे आज तक अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल न कर उनके साथ बड़ा अन्याय किया गया है। ज्ञात हो कि यह जाति भारत के अन्य राज्यों मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र में अनुसूचित जनजाति की सूची में है। परन्तु उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल न करने से वे अनुसूचित जनजाति व अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) कानून 2006 के तहत अपनी पुश्तैनी जमीन पर अधिकार से वंचित हो रही है और उन्हें शैक्षणिक संस्थाओं व सरकारी सेवाओं में भी यथोचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। कोल जाति के सम्बंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2013-14 में कराये सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं नृजातीय सर्वेक्षण में इसे अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की संस्तुति की गई है।

## बसपा ने छोड़ा ब्राह्मणों का साथ,क्या बीएसपी में किनारे लगाए जा चुके हैं सतीश चंद्र मिश्रा

संवाददाता

●खराब स्वास्थ्य के कारण पार्टी के मामलों में सक्रिय नहीं थे

●बहुजन समाज पार्टी अब उच्च जातियों, मुख्य रूप से ब्राह्मणों पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद सतीश चंद्र मिश्रा को राजनीतिक परिदृश्य से गायब हुए छह महीने से अधिक का समय हो गया है। शुरू में कहा गया कि वह खराब स्वास्थ्य के कारण पार्टी के मामलों में सक्रिय नहीं थे, लेकिन अब ऐसा लगता है कि उन्हें किनारे कर दिया गया है। बहुजन समाज पार्टी अब उच्च जातियों, मुख्य रूप से ब्राह्मणों पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहती है। बसपा दलितों, ओबीसी और मुसलमानों का गठजोड़ बनाने के प्रयास में है और इसके लिए मिश्रा की आवश्यकता नहीं है। मायावती पहले ही पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे और एक अन्य ब्राह्मण नेता अनिल पांडे को पार्टी से बर्खास्त कर चुकी हैं। दुबे कांग्रेस में शामिल हो गए और अब पार्टी के जोनल अध्यक्ष हैं। गौरतलब है कि नकुल दुबे को एस.सी. मिश्रा का आश्रित कहा जाता था। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार मायावती को फीडबैक मिला था कि पार्टी के दलित कार्यकर्ता पार्टी में सतीश चंद्र मिश्रा की प्रभावशाली उपस्थिति और निर्णय लेने में उनकी भूमिका से नाराज हैं। पदाधिकारी ने कहा, दलित ऊंची जाति के व्यक्ति द्वारा आदेश दिए जाने से परेशान थे। बहनजी (मायावती) ने अब मिश्रा की भूमिका को पार्टी में कानूनी मुद्दों तक सीमित कर दिया है। इस साल की शुरुआत में आजमगढ़ और रामपुर उपचुनावों के लिए बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची में मिश्रा का नाम महत्वपूर्ण रूप से शामिल नहीं था। मिश्रा 2007 में पार्टी में शीर्ष पर पहुंचे, जब बसपा ने उनके नेतृत्व में ब्राह्मण कार्ड खेला और मायावती ने पूर्ण बहुमत के साथ अपनी पहली सरकार बनाई। हालांकि इसके बाद बसपा का ग्राफ नीचे की ओर रहा है और मोदी युग शुरू होने पर ब्राह्मणों ने भाजपा के लिए बसपा को छोड़ दिया। पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट जीतने मे सफल रही।

## बंदर के काटने से महिला के सिर में हुआ भारी जख्म, लोगों में दहशत

**बहराइच।** तहसील मिहीपुरवा के कतर्नियाघाट जंगल से सटे आबादी वनग्राम बिछिया में बंदरों के आतंक से ग्रामवासी परेशान हैं। जहां यहां के बंदरों से स्थानीय लोग परेशान है वहीं ट्रेन व बसों तथा निजी वाहनों से पहुच रहे लोगों पर भी इन बंदरों का आतंक भारी पड़ रहा है। बंदर लोगों के घरों व दुकानों तथा राहगीरों से खाद्य व अन्य सामग्री छीन कर भाग जाते हैं। वहीं जरा सी चूक होने पर बंदर लोगों पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर देते हैं। आज शाम को एक 85 वर्षीय वृद्ध महिला राजकुमारी पत्नी भागीरथ पर एक बंदर ने हमला कर उसे घायल कर दिया। बंदर के काटने से महिला की सिर में जख्म हुआ है। स्थानीय लोगों ने महिला को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। तहसील मिहीपुरवा के कस्बा मिहीपुरवा, ककरहा, मुर्तिहा, निशानगाड़ा, बिछिया, गिरिजापुरी, कैलाशपुरी आदि गांव बंदरों के आतंक से काफी परेशान है।

## नए बीडीएस छात्र 'अभिविन्यास कार्यक्रम' में शामिल हुए

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेड ए डेंटल कॉलेज के नव प्रवेशित बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) छात्रों को 'ओरिएंटेशन प्रोग्राम' में अथक लक्ष्य निर्धारण, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प के माध्यम से ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, जेडएडीसी के प्रिंसिपल, प्रोफेसर आर के तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण के अनुकूल बनाने में मदद करना है और यह एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जेडएडीसी में बीडीएस छात्रों को उत्कृष्ट दंत चिकित्सक बनाने के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। रैगिंग रोधी नियमों और विनियमों पर बोलते हुए, प्रो तिवारी ने छात्रों से आग्रह किया कि यदि वे किसी भी उपहास और अवमानना का सामना करते हैं, तो तुरंत रैगिंग विरोधी दस्ते को सूचित करें। उन्होंने नए छात्रों से आग्रह किया कि वे स्थानीय और राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग हेल्प लाइन के विवरण के साथ एंटी-रैगिंग पैम्फलेट को ध्यान से पढ़ें। डॉ. सैयद अमान अली (पेरियोडोंटिक्स एंड कम्युनिटी डेंटिस्ट्री विभाग) ने स्वागत भाषण दिया। डॉ अमीना (प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग) ने नए छात्रों को शिक्षकों से परिचित कराया। डॉ. सबा खान (डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्थोडोंटिक्स, ह्यूमन डेंटल एनाटॉमी) ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) के दिशा-निर्देशों पर चर्चा की और डॉ. शारिक आलम (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग) ने डेंटल सर्जरी के छात्रों के लिए सुरक्षा अभ्यासों के बारे में बात की।

## परिवहन मंत्री ने लखनऊ के विभिन्न जगहों पर ओवरलोड वाहनों का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने लखनऊ में रात 2 बजे से सुबह 6 बजे तक मोरंग लदे ओवरलोड ट्रकों का निरीक्षण किया। परिवहन विभाग के अधिकारियों को बिना सूचित किये परिवहन मंत्री ट्रांसपोर्ट नगर के 9 नम्बर पार्किंग स्थित मोरंग मंडी पहुंचे। मोरंग मंडी, इसके आसपास एवं शहीद पथ के किनारे गाड़ियों को ओवरलोड पाया। परिवाहन मंत्री दयाशंकर सिंह की इस कार्रवाई से मोरंग मंडी में बहुत से ड्राइवरों व दलालों के मध्य हड़कंप मच गया। परिवहन मंत्री ने स्थानीय पुलिस को सूचना देकर बुलाया और उनकी मदद से गाड़ियों को रूकवाया। परिवहन मंत्री ने फोन पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी ओवरलोड गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। उन्होंने आईआईएम रोड, कामता, शहीद पथ पर ओवरलोड गाड़ियों को पकड़ा एवं उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही फिटनेस, लाइसेन्स की जांच करने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान बहुत से ओवरलोड गाड़ियों के नम्बर प्लेट में भी छेड़छाड़ पाया गया।

### वर वधू को आशीर्वाद देने पूर्व डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा, विधायक डा नीरज बोरा पहुंचे

## डालीगंज मे कन्यादान उत्सव में 5 कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

संवाददाता



**लखनऊ।** श्री राधा सखी सेवा परिवार समिति की ओर से सामूहिक विवाह कन्यादान उत्सव का आयोजन गुरुवार को मौसमगंज रामलीला मैदान मानस मन्दिर डालीगंज में किया गया। संस्था की संस्थापक सुषमा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 5 कन्याओं का कल्याण मंडप सम्पन्न हुआ। सभी जोडो को आशीर्वाद देने के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, क्षेत्रीय विधायक डा नीरज बोरा, आध्यात्मिक गुरु अर्पणा निवेटिया मौजूद रहे।कन्यादान उत्सव की शुरुआत प्रात 11 बजे पांचो दूल्हों की बारात नयागंज डालीगंज से शुरु होकर विवाह स्थल पर आई। बारात में पांचों दूल्हे घोडो पर शान से चल रहे थे तो बैण्ड की धुनों पर बराती नाचते गाते, झूमते चल रहे थे। बारात का रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बारात मानस मन्दिर पहुंचने पर संस्था द्वारा द्वारचार की रश्म निभाई और जयमाल का कार्यक्रम पूरे रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। शाम को भजन संध्या में पवन मिश्रा व श्री राधा सेवा परिवार समिति की सखियों द्वारा विवाह गीत प्रस्तुत किए गये। बाद में पांचों कन्याओं की विदाई गोधूलि वेला में की गई। विवाह में सभी कन्याओं को घर में जरूरत का सभी सामान दिया गया। विवाह मे सोनू संग पूजा, राधा संग बुद्धू, संजना संग अमित, पवन संग प्रीति, नेहा संग सुमित ने सात फेरे लिए।इस मौके पर मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पूर्व पार्षद रंजीत सिंह, मधू गर्ग, पुष्पा अग्रवाल, अंजू मधू गुप्ता, कोमल, गीता गुप्ता, बीना, गीता अग्रवाल, आशा, अलका, शिखा मौजूद रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था दी इवेंट मैनेजमेंट मुदित शिवांश की तो रेजूविनेशन द्वारा भी सहयोग मिला।

# सम्पादकीय

## एक बार फिर दस्तक

**हाल** के दिनों में कोरोना संक्रमण के खिलाफ चीन सरकार की सख्त जीरो टॉलरेंस नीति व लॉकडाउन से उकताए लोगों ने उग्र प्रदर्शन किये थे। यहां तक कि शी जिनपिंग को भी निशाने पर ले लिया गया था। उसके बाद जन आंदोलनों के दबाव में सरकार झुकी और सख्त प्रतिबंधों में ढील दी। लेकिन जीरो कोविड नीति में ढील देने के बाद चीन में कोरोना संक्रमण में अप्रत्याशित तेजी आई है। यहां तक कि अब हालात बेकाबू हो गये हैं। चीन के अस्पताल कोरोना संक्रमितों से भरे हैं और बड़ी संख्या में लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। कुल मिलाकर स्थिति भयावह है। आशंका जतायी जा रही है कि चीन में कोरोना की तीन लहरें आएंगी जिसमें लाखों लोगों के मरने की आशंका जतायी जा रही है। दरअसल, इस भयावह संकट से चीन का हेल्थ सिस्टम ही चरमरा गया है। अस्पतालों में बड़ी संख्या में शवों के पड़े होने की बात पश्चिमी मीडिया में कही जा रही है। हालांकि, चीन में सूचना माध्यमों पर सख्त पहरा होने के कारण ठीक-ठीक आंकड़े सामने नहीं आ रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ संकट को बड़ा बता रहे हैं। दरअसल, सर्दियों के कारण स्थिति के भयावह होने की आशंका जतायी जा रही हैं। स्कूल-कॉलेज बंद करने के आदेश दिये गये हैं। कहा जा रहा है कि जीरो कोविड नीति में ढील देने के कारण स्थितियां खराब हुई हैं। ऐसा नहीं है कि केवल चीन में ही हालात खराब हुए हैं जापान व दक्षिण कोरिया में भी लाखों की संख्या में संक्रमितों के सामने आने की बात कही जा रही है। दरअसल, चीन समेत कई देशों में टीकाकरण के लक्ष्य पूरे नहीं हुए हैं। चीन में अस्सी साल से अधिक के आधे लोगों को ही तीन डोज मिल पायी हैं। संकट यह भी है कि चीन की वैक्सीन की रोग प्रतिरोधक क्षमता अन्य देशों की वैक्सीन के मुकाबले कम बतायी जा रही है। ऐसा नहीं है कि भारत पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गया है। हाल के दिनों में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के कोरोना संक्रमित होने की बात सामने आई। बीच-बीच में कुछ खास लोगों के संक्रमित होने की चर्चा तो मीडिया में होती है, लेकिन आम आदमी की क्या स्थिति है कहना कठिन है। एक तो संक्रमण के आंकड़ों की पूरी तरह निगरानी होती नजर नहीं आ रही है। दूसरे, सरकारें भी अपनी सुविधा से आंकड़ों को उजागर करती हैं। लेकिन हाल के दिनों में ठंड की शुरुआत में बड़ी संख्या में लोगों के बुखार-खांसी से पीड़ित होने के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। यह घातक तो नहीं नजर आया लेकिन इसका प्रभाव सामान्य वायरल से अधिक देखा गया। कई राज्यों में ऐसे मामले प्रकाश में आये।

## फिर मंडराता खतरा

पिछले कुछ समय से कोरोना संक्रमण के मामलों में जैसी गिरावट आई थी और हर तरफ राहत का माहौल देखा जा रहा था, उससे यह लगने लगा था कि अब शायद दुनिया पहले की तरह सामान्य स्थिति की ओर लौट रही है। लेकिन अब फिर चीन से जैसी खबरें आ रही हैं, वह एक तरह से सतर्क रहने की चेतावनी हैं, ताकि समय रहते कोरोना के फैलाव को रोका जा सके। गौरतलब है कि कुछ समय पहले चीन कोरोना को पूरी तरह शून्य करने की नीति पर चल रहा था और इसी वजह से वहां सार्वजनिक जीवन और गतिविधियों को लेकर कई स्तर पर अब भी सख्ती कायम थी। कई जगहों पर पूर्णबंदी जैसे हालात थे। लेकिन लगातार बंदिशों से जब वहां लोग परेशान हो गए और इसका विरोध करने लगे तब सरकार ने कुछ हद तक प्रतिबंधों में छूट दे दी। संक्रमण के मामलों के सीमित होने के दौर में यह एक स्वाभाविक स्थिति थी। लोगों को उम्मीद थी कि महामारी की मार से राहत के बाद अब वे सामान्य जिंदगी जी सकेंगे। मगर पिछले कुछ दिनों के भीतर चीन से आने वाली खबरों में बताया गया है कि वहां फिर से कोरोना विषाणु के संक्रमण में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है और भारी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं। सब जानते हैं कि इस विषाणु और उसके संक्रमण से उपजी बीमारी की शुरुआत से ही चीन से हुई थी और उसके बांद दुनिया का अनुभव बेहद त्रासद रहा। यही वजह है कि अब एक बार फिर चीन में जब कोरोना संक्रमण से हालात बिगड़ने की खबरें आ रही हैं तब दुनिया के अनेक देशों के साथ-साथ भारत में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। खबरों के मुताबिक चीन में स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है और संक्रमितों के इलाज के लिए अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही है। पहले दौर में जब वुहान से विषाणु के संक्रमण की खबरें आईं थी, तब शायद वक्त पर अपने-अपने देशों में सावधानी बरतने को लेकर उतनी जागरूकता नहीं आ पाई थी। इसलिए उसका असर भी यह हुआ कि अमूमन सभी देश इसकी चपेट में आए। भारत उससे सबसे ज्यादा बुरी तरह प्रभावित होने वाले देशों में से एक था। इसलिए स्वाभाविक ही इस बार चीन में कोरोना से स्थिति बिगड़ने की खबरें आने के साथ ही भारत में सावधानी बरतने को लेकर जरूरी कदम उठाए जाने लगे हैं। इसके मद्देनजर बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में संक्रमण से बचाव के लिए हर स्तर पर सावधानी बरतने की बात कही गई है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में कोरोना के बहुरूपों के असर को सीमित करने से लेकर टीकाकरण की उपलब्धियों को देखते हुए चिंता करने की जरूरत नहीं है, मगर जिस तरह कोरोना के एक बहुरूप ओमीक्रान बीएफ.7 के मामले पाए जाने की खबर आई है।

# चीन में कोरोना के मामले बढ़ने की खबरें आ रही



**चीन से** शुरु हुई कोरोना महामारी ने दुनिया को दो साल तक अधमरा सा कर दिया था। अब एक बार फिर चीन में कोरोना के मामले बढ़ने की खबरें आ रही हैं। वहां की जमीनी सच्चाई के बारे में शत-प्रतिशत दावे के साथ कुछ कहा नहीं जा सकता, फिर भी संक्रमितों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ मृतकों के आंकड़े बढ़ने की भी खबरें आ रही हैं, जिनसे दुनिया में फिर डर बढ़ रहा है। भारत में भी चीन की स्थिति देखते हुए घबराहट फैल रही है। बहुत से लोग सोशल मीडिया पर सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि पहली और दूसरी लहर जैसा हाल न हो, इसलिए पहले से सावधानी बरती जाए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी उच्च स्तरीय बैठक कर कोविड के प्रसार को रोकने पर चर्चा की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान के तीन सांसदों के पत्र का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा में कोविड नियमों के पालन की हिदायत दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि इस बात को सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा में जुड़ने से पहले और बाद में यात्रियों को आइसोलेट किया जाए और अगर कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करना संभव नहीं हो तो जनस्वास्थ्य की आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए और कोरोनावायरस से देश को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा को

भारत में भी चीन की स्थिति देखते हुए घबराहट फैल रही है। बहुत से लोग सोशल मीडिया पर सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि पहली और दूसरी लहर जैसा हाल न हो, इसलिए पहले से सावधानी बरती जाए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी उच्च स्तरीय बैठक कर कोविड के प्रसार को रोकने पर चर्चा की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान के तीन सांसदों के पत्र का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा में कोविड नियमों के पालन की हिदायत दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि इस बात को सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा में जुड़ने से पहले और बाद में यात्रियों को आइसोलेट किया जाए और अगर कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करना संभव नहीं हो तो जनस्वास्थ्य की आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए और कोरोनावायरस से देश को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा को देश हित में स्थगित कर दिया जाए। स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते श्री मंडाविया की चिंताएं वाजिब हैं

देश हित में स्थगित कर दिया जाए। स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते श्री मंडाविया की चिंताएं वाजिब हैं कि कहीं भीड़ जुटने से कोरोना का प्रसार न बढ़ जाए। अभी दो साल पहले देश जिन आपात स्थितियों से गुजर रहा था, तब सरकार ने ऐसी तत्परता दिखाई होती, तो न जाने कितनी जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। जब विश्व स्वास्थ्य संगठन कोरोना को महामारी बतला रहा था, बहुत से देश अंतरराष्ट्रीय आवाजाही को रोककर संक्रमण को रोकने की कोशिश में लगे थे। तब भारत में नमस्ते ट्रंप और बिहार के विधानसभा चुनाव हुए। जब अस्पतालों में सुविधाओं को बढ़ाने की युद्धस्तर पर तैयारियां होनी चाहिए थी, तब कभी प्रधानमंत्री जनता से ताली-थाली बजाने का आह्वान करते। कभी बालकनी में आकर दिया और टार्च जलाने कहते।

सनातनी संस्कृति के ठेकेदारनुमा नेताओं ने गौमूत्र का सेवन और छिड़काव के टोटके भी जनता को बता दिए। अंधविश्वासों और अवैज्ञानिक तरीकों का ऐसा फूहड़ प्रदर्शन किसी देश में नहीं हुआ होगा। हम यहां भी विश्वगुरु बन गए। रातोंरात लॉकडाउन का ऐलान करके लाखों मजदूरों को पैदल घर लौटने के लिए कैसे विवश किया गया, मानवाधिकार हनन का ऐसा दर्दनाक उदाहरण भी हमने पेश कर दिखाया। जब प्रवासी मजदूरों के लिए ट्रेनें चलनी शुरु हुई तो उनमें असुविधाओं की वजह से मौतें हो गई। देर रात तक श्मशान में जलती चिताएं, नदी में बहती लाशें, आक्सीजन सिलेंडर को तरसते लोग, अस्पताल के बाहर तड़पते मरीज और उनके बदहवास परिजन, ऐसी सैकड़ों, हजारों दर्दनाक यादों से आज भी लोग कराह रहे हैं। ये और बात है कि धर्म की अफीम स्मृतियों को धुंधला करने में मददगार साबित होती है। दो साल बाद जिंदगी फिर से पटरी पर लौटती दिख रही है। तो फिर कोरोना का डर तारी हो रहा है। अब सवाल ये है कि क्या सरकार को केवल भारत जोड़ो यात्रा से ही जनस्वास्थ्य की आपात स्थिति की चिंता हो रही है। ऐसी ही चिंता शाहीन बाग आंदोलन के कारण भी बनने लगी थी, क्योंकि महिलाएं ठंड की अंधेरी रात में भी अपने बच्चों के और देश के भविष्य के लिए धरने पर बैठने से नहीं घबरा रही थीं। अगर कोरोना की लहर नहीं आई होती, तो शाहीन बाग आंदोलन सरकार को और परेशान कर सकता था। नागरिकता के मुद्दे पर धर्म के आधार पर भेदभाव करने के खिलाफ शाहीन बाग आंदोलन खड़ा हुआ था। इसके बाद जिस तरह कोरोना के प्रसार में तब्लीगी जमात को निशाने पर लिया गया और फिर अल्पसंख्यकों के आर्थिक बहिष्कार की कोशिशें हुई, उससे सवाल किए जाने लगे कि कोरोना के वायरस का इलाज तो फिर भी हो जाएगा, लेकिन नफरत के वायरस का क्या इलाज किया जाए। राहुल गांधी ने इसके लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरु की, ताकि लोगों के बीच भाईचारे और प्रेम को फिर से जिंदा किया जाए। भारत जोड़ो यात्रा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, और राजस्थान में कामयाबी के झंडे गाड़ते हुए अब हरियाणा पहुंच गई है। यहां तीन दिनों तक यात्रा बढ़ेगी, फिर 24 तारीख को दिल्ली पहुंचने के बाद 9 दिनों का विराम लिया जाएगा। यात्रा ने लगभग 3 हजार किमी का सफर तय कर लिया है और अब 5-7 सौ किमी ही शेष रह गए हैं। हरियाणा में बुधवार की धुंध भरी सुबह ही राहुल गांधी ने एक बार में 14 किमी की दूरी तय कर ली। इस दौरान वे लोगों से मिलते-बतियाते बढ़ते रहे। राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं और जनता में जो दूरी बन गई थी, इस यात्रा ने उसे पाटने का काम किया है। बहुत से लोग राहुल गांधी के इतने दूर तक पैदल चलने और ठंड में सुबह-सुबह निकलने पर आश्चर्य व्यक्त करते हैं, उन्हें तपस्वी कहते हैं। इस बारे में राहुल गांधी ने कहा कि उनसे अधिक तपस्या करोड़ों लोग करते हैं, जो सुबह उठकर खेतों में काम करते हैं या छोटे व्यापार चलाते हैं। किसानों, मजदूरों के बारे में बड़ी-बड़ी बातें करने वाले नेता तो बहुत मिलेंगे, लेकिन उनके शारीरिक श्रम का सम्मान नहीं होता। राहुल गांधी इस कमी को पूरा कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा से असल मायनों में लोग जुड़ते जा रहे हैं, यही इसकी कामयाबी है। यह कामयाबी कांग्रेस की राजनैतिक कामयाबी का आधार बन सकती है, या कम से कम भाजपा को कई कारणों से असहज कर सकती है। भाजपा सरकार की ओर से जिस तरह यात्रा स्थगित करने की सलाह दी गई है, वह इस असहजता का उदाहरण है। वैसे अगर सरकार वाकई कोरोना से देश को बचाना चाहती है, तो उसे नियम सबके लिए एक जैसे बनाने होंगे। ऐसी पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयों से बीमारी दूर नहीं होगी।

# विवादों के कारण सुर्खियों में बार-बार आ रहा

पूरब का ऑक्सफोर्ड कहा जाने वाला इलाहाबाद विश्वविद्यालय पिछले कुछ वक्त से अकादमिक कारणों की जगह विवादों के कारण सुर्खियों में बार-बार आ रहा है। अब खबर आई है कि इस ऐतिहासिक विश्वविद्यालय में गोलीबारी और आगजनी की घटना हुई, जिसमें कई छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं और कुछ सुरक्षाकर्मियों समेत कम से कम 40 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दरअसल इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 4 सौ प्रतिशत की शुल्क वृद्धि की गई थी, जिसके खिलाफछात्र बार-बार मोर्चा खोल रहे थे। इसके अलावा छात्रसंघ चुनाव को लेकर भी विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र आमने-सामने थे। विवि प्रशासन ने छात्रसंघ भवन के गेट पर ताला लगा दिया था, जिसे यहां के छात्र काफी समय से खोलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विवि प्रशासन इस के लिए राजी नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों विवि के पूर्व छात्रनेता और कांग्रेस के प्रदेश सचिव विवेकानंद पाठक की गाड़ी इसी गेट पर मौजूद गार्डों ने रोक दी। श्री पाठक का कहना है कि उन्हें सुरक्षा कर्मियों ने मारा-पीटा। जिसके बाद इस बात की खबर लगते ही करीब एक घंटे के अंदर सभी हॉस्टल और आसपास के सैकड़ों छात्र विश्वविद्यालय पहुंच गए। नाराज छात्रों ने चक्का-जाम कर दिया, वाहनों में आग लगाई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। जबकि विवेकानंद पाठक को एक भाजपा समर्थित अखबार ने विवि का अवैध छात्र बताते

दरअसल इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 4 सौ प्रतिशत की शुल्क वृद्धि की गई थी, जिसके खिलाफछात्र बार-बार मोर्चा खोल रहे थे। इसके अलावा छात्रसंघ चुनाव को लेकर भी विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र आमने-सामने थे। विवि प्रशासन ने छात्रसंघ भवन के गेट पर ताला लगा दिया था, जिसे यहां के छात्र काफी समय से खोलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विवि प्रशासन इस के लिए राजी नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों विवि के पूर्व छात्रनेता और कांग्रेस के प्रदेश सचिव विवेकानंद पाठक की गाड़ी इसी गेट पर मौजूद गार्डों ने रोक दी। श्री पाठक का कहना है कि उन्हें सुरक्षा कर्मियों ने मारा-पीटा। जिसके बाद इस बात की खबर लगते ही करीब एक घंटे के अंदर सभी हॉस्टल और आसपास के सैकड़ों छात्र विश्वविद्यालय पहुंच गए। नाराज छात्रों ने चक्का-जाम कर दिया, वाहनों में आग लगाई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। जबकि विवेकानंद पाठक को एक भाजपा समर्थित अखबार ने विवि का अवैध छात्र बताते हुए लिखा है कि अराजक तत्वों ने उनके साथ मिलकर छात्र संघ गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की, और सुरक्षाकर्मियों से मार-पीट की

हुए लिखा है कि अराजक तत्वों ने उनके साथ मिलकर छात्र संघ गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की, और सुरक्षाकर्मियों से मार-पीट की। एक ही खबर को दो नजरिए से पेश करना ही यह बताता है कि देश का एक और जाना-माना विश्वविद्यालय राजनीति की भेंट चढ़ चुका



है। दरअसल हमारी पूरी शिक्षा नीति ही राजनीति का शिकार हो चुकी है और संभावनाओं से भरे युवा इस राजनीति के मोहरे बन गए हैं। इलाहाबाद विवि मामले में दावा तो किया जा रहा है कि निष्पक्ष जांच होगी। लेकिन अब जनता समझ चुकी है कि इस तरह के मामलों में निष्पक्षता के लिए अगर जगह होती तो न चिंगारी भड़कती, न आग लगती। कुछ निर्दोष जिंदगियां फिर दांव पर लग जाएंगी और विवि के हजारों छात्र पूरे साल इस घटना का खामियाजा भुगतेंगे। देश में वैसे भी उच्च शिक्षा में सरकार के भरोसे रहने वाले छात्र किसी न किसी तरह की कमियों को भुगत ही रहे हैं। कहीं सत्र देरी से शुरु हो रहे हैं, कहीं स्नातक के बाद लगभग साल भर के इंतजार स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए करना पड़ रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय में ही इस बार स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश परीक्षाओं में छात्रों को कई तरह की उलझनों का सामना करना पड़ा। मगर इसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होगी। क्योंकि सरकार आजादी का अमृतकाल मना रही है। अभी अमृतकाल में देश में बदलाव के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। अगले 30-50 बरसों में क्या होगा, इसके सपने दिखाए जा रहे हैं। ये सारा खेल शायद इसलिए है ताकि वास्तविकताओं से ध्यान भटकाया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी रोडमैप का प्रस्ताव रखा गया है। जिसके तहत वर्ष 2030 तक देश की उच्च शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण होना है। योजना है कि दुनिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में से कुछ को भारत में काम करने की इजाजत दी जाएगी, ऐसे विश्वविद्यालयों के भारत में प्रवेश को सुगम बनाने के लिए जरूरी कानूनी सुधार किए जाएंगे। ऐसे विश्वविद्यालयों को नियामक व्यवस्था और प्रशासनिक स्तर पर विशेष दर्जा दिया जाएगा। उन्हें देश के अन्य स्वायत्त शिक्षण संस्थानों की तरह की छूट दी जाएगी। ऐसे वजनदार दावों को पढ़-सुन कर लगता है कि मौजूदा केंद्र सरकार उच्च शिक्षा में कितना गुणात्मक सुधार लाना चाहती है। मगर ये सुधार होगा कैसे, ये कोई नहीं जानता। कम से कम मौजूदा तस्वीर तो उच्च शिक्षा की भयावह हकीकत ही दिखाती है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एक के बाद एक विवाद खड़े किए जा रहे हैं। कभी नारेबाजी, कभी कैंटीन में मांसाहारी भोजन, कभी जाति की लड़ाई, जेएनयू में सिर उठाने लगी है।

# आलेख — युवा शक्ति की अभिप्रेरणा, श्रेष्ठ और अग्रणी भारत बनाने का प्रयोजन

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूंस स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैंस और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया हैस स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीस स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैंस और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया हैस स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीस स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा

भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था, नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

**बृषभः-** नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**मिथुनः-** आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतरू इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

**कर्कः-** दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

**कन्याः-** किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।

**तुलाः-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिकः-** कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**धनुः-** नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नही देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नही है।

**मकरः-** अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**कुंभः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिब्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मीनः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित ना हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

English
की कमजोरी के कारण रह गए
वर्ना हम भी आज किसी की बाहों में होते
वो Cute लिखती रही
और हम कुत्ते समझते रहे!

## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

गलत तरीकों से सफल होने से कई गुना बेहतर है, सही तरीके अपनाकर असफ़ल हो जाना।

## संक्षिप्त समाचार

### चौ.चरण सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्नः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने आज राष्ट्रपति को पत्र लिख कर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने जीवनपर्यंत शोषितों और और वंचित वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है।चौधरी साहब को जब भी अवसर मिला , किसानों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य से किया। चौधरी सहाब कहते थे कि देश कि समृद्धि और खुशहाली का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ग्रामीण भारत के विकास हेतु समर्पित कर दिया। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह नें कई संवैधानिक पदों को सुशोभित किया,वे उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री, तत्पश्चात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्री रहे। वे केंद्रीय कैबिनेट में मंत्री, उप-प्रधानमंत्री तत्पश्चात भारत के प्रधानमंत्री रहे। वे भारत के इकलौते राजनेता हैं, जिन्हें ष्किसान मसीहा कहलाने का गौरव प्राप्त है, यह गौरव उन्हें प्रेम करने वाली इस देश की सम्मानित जनता ने प्रदान किया है। राजनीतिक कारणों के चलते सरकार लगातार इस बात को नजरअंदाज कर रही है।यह प्रश्न बार-बार खड़ा होता है कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न अब तक क्यों नहीं दिया गया, क्या वे वंचित और किसानों के नेता थे इसलिए उन्हें अब तक भारत रत्न प्रदान नहीं किया गया।चौधरी चरण सिंह पूरे देश के प्रधानमंत्री थे, उन्होंने अपने जीवन में हर वर्ग के लिए संघर्ष किया, हर वर्ग के उत्थान का प्रयास किया। सरकार द्वारा चौधरी साहब के बलिदान को नजरअंदाज करना इस देश की सवा सौ करोड़ जनता का अपमान हैं। कल 23 दिसंबर को जब पूरा देश चौधरी साहब की जयंती किसान दिवस के रूप मना रहा होगा,ऐसे खास दिन पर सरकार जनता की भावनाओं की कदर करते हुए चौधरी साहब के लिए भारतरत्न की घोषणा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करे। उम्मीद है कि राष्ट्रपति पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के लिए भारत रत्न की घोषणा करने के हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगी।

### एक टॉयलेट में लगा दी दो सीटें, 10 लाख में बना शौचालय वायरल, न दरवाजा न पार्टीशन

**बस्ती।** जिले में बना शौचालय इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। कुदरहा ब्लाक के गौरा धुंधा के ग्राम प्रधान के साथ मिलकर अधिकारियों ने ऐसा काम किया कि लोग जमकर मजे ले रहे हैं। दरअसल, यहां एक ही कमरे में दो टॉयलेट सीट बनाया गया है। यही नहीं, इस कमरे में कोई दरवाजा भी नहीं लगाया गया है। न ही किसी तरह का पार्टीशन किया गया है। इस सामुदायिक शौचालय के निर्माण पर करीब 10 लाख रुपए खर्च किए गए। इसे बनवाने के पीछे जिम्मेदारों की क्या मंशा रही यह तो वही जानें, लेकिन बनने के बाद से 2 सीट वाला यह सामुदायिक शौचालय इस्तेमाल में नहीं है, लेकिन सुर्खियों में बना हुआ है। 2 सीट वाले इस सामुदायिक शौचालय पर रंग-रोगन कराकर जेई एमआई राजेश गुप्ता, बीडीओ संजय नाथ, ग्राम प्रधान विंदू देवी, सचिव पूनम श्रीवास्तव के नाम का बोर्ड भी लगा है। टॉयलेट बनाते समय यह भी नहीं सोचा गया कि इसमें दूसरे शख्स की प्राइवेसी का क्या होगा। वर्तमान में सामुदायिक शौचालय में कई जगह टायल्स भी टूट चुके है। इस सामुदायिक शौचालय का मामला डीपीआरओ नम्रता शरण के संज्ञान में आया तो वे मौके पर पहुंची, एक कक्ष में 2 सीट लगा देख वे भी अचरज में पड़ गईं। डीपीआरओ ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद वे खुद मौके पर इसकी जांच करने गई थी। इस तरह का सामुदायिक शौचालय देख वह हैरान रह गई। इस मामले में संबंधित सेक्रेटरी को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है, अभी जवाब नहीं मिला है। नोटिस का जवाब मिलने और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई है। सोशल मीडिया यूजर दो टॉयलेट की तस्वीर पोस्ट कर मजेदार ट्वीट कर रहे हैं। कोई यूजर सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है तो कोई यूजर प्रधान और जेई की काबलियत पर सवाल कर रहा है। फ्लिहाल सोशल मीडिया यूजर्स को टॉयलेट की तस्वीर के जरिए एक मजेदार मसाला मिल गया है।

### नौकरी का झांसा देकर महिला से गैंगरेप, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बस्ती।** जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय एक महिला को सफाईकर्मी के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर बाइक पर बैठाकर ले जाने और सुनसान स्थान पर बाइक रोककर जबरिया उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश बाद पैकोलिया पुलिस ने मामले में 4 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में बभनान नगर पंचायत के एक बाबू का भी नाम शामिल है। पीड़िता का आरोप है कि नगर पंचायत बभनान में सफ्रईकर्मी के पद पर नौकरी दिलाने का पैकोलिया थाना क्षेत्र के पकडीजती गांव निवासी कलाम ने झांसा दिया। उसके झांसे में आकर वह उसके साथ बाइक पर बैठ गई। आरोप लगाया कि आरोपी ने बाइक को इटवा कुनगाई स्कूल के पास रवई नदी के रेहार में सुनसान स्थान पर रोक दिया। यहां पकडीजष्ती गांव निवासी कलाम, रसीद उर्फ खुनखुन, नगर पंचायत बभनान कार्यालय के बाबू भास्कर, गौर थाना क्षेत्र के मेहनियां खडग बहादुरशाही गांव निवासी असलम ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी पति को दी और उन्होंने इस बारे में आरोपियों से बात की तो उसे भी गाली और जानमाल की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि 27 जून 2021 को हुई घटना की शिकायत उसने पुलिस थाने पर की और आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग किया, लेकिन पुलिस ने उसकी फरियाद नहीं सुनी। इसके बाद उसने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट की शरण लिया। कोर्ट के आदेश बाद मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ पैकोलिया पुलिस ने गैंगरेप, जानमाल की धमकी, एससीएसटी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसके अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### मृत गौवंश को ट्रैक्टर में बांधकर घसीटा, ग्रामणों ने कहा, गौशाला में कोई व्यवस्था नहीं

**बांदा।** जनपद के बिसंडा ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर में अस्थाई गौशाला की पोल खुलती नजर आ रही है। गौशाला में ठंड और भूख से गौवंशो की तड़प तड़प कर मौतें हो रही हैं। वही जिम्मेदार ट्रैक्टर में बांधकर गोवंश सड़कों से घसीटते हुए जंगल में फेंका जा रहा है। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। मामला बिसंडा ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर गांव का है। जहां अस्थाई गौशाला की दुर्दशा बद से बदतर है, जहां भूख और प्यास और ठंड से गोवंश की मौतें हो रही हैं। वही खाने के लिए नाम मात्र पैराली रखा गया है ,भूसा दिखाने के लिए रखा है। वहीं ठंड से बचाव के लिए कोई भी व्यवस्था गोवंश के लिए नहीं की गई है। जिससे तड़प तड़प कर ठंडा और भूख से गोवंश की मौतें हो रही हैं। इसमें जिम्मेदार इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। कभी दिन में या रात में गौशाला में बंद गोवंश कि जो मौतें हो रही हैं। उनको ट्रैक्टर से घसीट घसीट कर जंगल में फेंका जा रहा है। जिससे दुर्गंध और बीमारी से आसपास के किसान परेशान हैं। वही ग्रामीणों ने बताया की अस्थाई गौशाला में कोई भी व्यवस्था गौवंश की खाने के लिए नहीं है। सिर्फ पराली रखी है, और दिखाने के लिए कुछ भूसा रखा गया है। जो खाने योग्य नहीं है। वहीं ठंड से बचाव के लिए गोवंश कि कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे गौवंश की मौतें हो रही हैं, वही ग्राम प्रधान राममिलन के द्वारा अपने ही ट्रैक्टर पर रस्सी के सहारे बंधवा कर गोवंश को घसीट घसीट कर जंगलों में फेंका जा रहा है। जिससे आसपास के किसान दुर्गंध से परेशान है और बीमार हो रहे हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारी से कर चुके हैं लेकिन उस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

# अब बांके बिहारी के दर्शन होंगे आसान

- बनेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे, 700 करोड़ की लागत
- 12 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में बनाया जा रहा
- बांके बिहारी मंदिर को सीधे जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा

संवाददाता

**लखनऊ।** अब बांके बिहारी के दर्शन आसान होंगे। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनेगा। मथुरा-वृंदावन भारतीय संस्कृति का एक बड़ा केंद्र है। यमुना प्राधिकरण ने यहां पर एक हेरिटेज कॉरीडोर बनाने की योजना को मंजूरी दी है, जिसे 12 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में बनाया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानि यीडा यमुना एक्सप्रेस वे से बांके बिहारी मंदिर को सीधे जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है जो 100 मीटर चौड़ा होगा। कॉरिडोर बनने से बांके बिहारी जाने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी। कॉरिडोर पर पार्किंग की भी व्यवस्था है।यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह के मुताबिक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे कल्चरल हेरिटेज मथुरा के बृज क्षेत्र को दिखाने के लिए पूरा एरिया विकसित किया जा रहा है। वृंदावन और मथुरा से जुड़ी हुई हमारी सांस्कृतिक, दार्शनिक धरोहर है, उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की



जा रही है। मथुरा में यमुना प्राधिकरण का एक अर्बन नोट स्वीकृत हुआ है उस को राया अर्बन नोट कहते हैं, जिसके अनुसार वहां पर एक हेरिटेज कॉरिडोर बनाने की योजना है। एक्सप्रेस वे का खर्चा प्राधिकरण वहन करेगा और जो पीपीपी डेवलपर होगा। जमीन प्रदेश सरकार उपलब्ध कराएगी। यमुना एक्सप्रेस वे से बांके बिहारी मंदिर को सीधे जोड़ने के लिए छह किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनेगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे म्यूजियम के साथ-साथ द्वापर काल जो गांव जैसे नंदगांव, बरसाना, गोकुल भी विकसित किये जाएंगे जो श्रीकृष्ण के जीवन की झलकियां दर्शाएंगे। वृंदावन को तालाबों का शहर भी कहा जाता है। विभिन्न प्रकार के तलाब विकसित किये जाएंगे।सड़क के किनारे होने की वजह से लोग इसे पैदल भी जा कर देख सकेंगे। मकसद भारतीय संस्कृति को लोगों तक पहुंचाना है। रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कांसेप्ट है। कथा वाचनालय केंद्र भी बनेंगे। कोई भी भागवत कथा सुन सकेगा। यह ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पहले बांके बिहारी मंदिर को और फिर इसी एक्सप्रेस देश से एक मार्ग निकालकर द्वारकाधीश मंदिर को जोड़ा जायेगा।कॉरिडोर के बन जाने से श्रद्धालु आसानी से मंदिर पहुंच सकेंगे। भीड़भाड़ वाले रास्ते से अलग यह कॉरिडोर सीधा यमुना एक्सप्रेस वे मंदिर तक बनाया जाएगा। लोगों को वृंदावन पहुंचना बहुत आसान हो जाएगा. इससे पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में आसानी होगी। पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।मथुरा वृंदावन में वाहनों के पार्किंग की समस्या है। उसको दूर करने के लिए एक विशाल पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को 6 किलोमीटर की रेडियस में बनाया जाएगा। 900 हेक्टेयर की जमीन पर यह बनेगा, जिसकी लागत करीब 700 करोड़ आएगी।

## चोरी का केस दर्ज न होने पर व्यापारियों का प्रदर्शन

- इंदिरा नगर में नीलगिरी कॉम्प्लेक्स के पास कपड़ा कोठी शोरूम में बुधवार की रात टीन शेड काटकर चोरों ने चोरी की

संवाददाता

**लखनऊ।** इंदिरा नगर में नीलगिरी कॉम्प्लेक्स के पास कपड़ा कोठी शोरूम में बुधवार की रात टीन शेड काटकर चोरों ने चोरी की। चोरों ने शोरूम से दो लाख रुपए कीमत के कपड़े समेत एक लाख की नकदी चोरी कर ली। चोरी का मुकदमा दर्ज न होने से नाराज व्यापारियों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान आने-जाने वाला यात्रियों को काफी परेशानी हुई। पुलिस ने व्यापारियों को आश्वासन देकर सभी व्यापारियों को शांत कराया। गोमती नगर विश्वासखंड निवासी वैभव कुमार जैन की फैजाबाद रोड स्थित नीलगिरी कॉम्प्लेक्स में कपड़ा कोठी के नाम से दुकान है।

वैभव कुमार का कहना है कि वह दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह उन्हें दुकान में चोरी होने की सूचना मिली। वैभव ने बताया कि चोर दुकान की टीन शेड हटाकर अंदर दाखिल हुए और दुकान में रखे कीमती कपड़े व करीब एक लाख नगदी चोरी कर ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैभव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान दुकान में चोरी होने से नाराज व्यापारियों ने नीलगिरी चौराहे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की वजह से फैजाबाद की तरफसे बादशाह नगर को जाने वाली सड़क पर भारी जाम लग गया। इस दौरान वहां कई गाड़ियां भी मौके पर खड़ी रही। जाम में फंसे लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। उनकी तरफ से से घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया तो जाम कम हुआ।

## बीमा डेथ क्लेम के लिए 242 फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र लगाए

**4.84 करोड़ की धोखाधड़ी की कोशिशय साइबर थाने में एफआईआर दर्ज**

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का क्लेम हासिल करने के लिए ठगों ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र इश्योरेंस कम्पनी में लगा दिए। बड़े पैमाने पर अचानक क्लेम आने पर कम्पनी ने जांच कराई। ठगी की कोशिश की जानकारी पर इंडिया फर्स्ट इश्योरेंस कम्पनी के वाइस प्रेसिडेंट (लीगल) ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। इंडिया फर्स्ट लाइफ इश्योरेंस कम्पनी का कार्यालय विभूतिखंड साइबर टॉवर में है। कंपनी के मुंबई स्थित हेड आफिस के अधिकारी वीरल एम. जोशी के मुताबिक उनकी कम्पनी बैंक ऑफबड़ौदा और यूपी ग्रामीण बैंक के साथ जुड़ी हुई है। जिसके जरिए बीमा पॉलिसी की जाती है। वीरल के अनुसार बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा




योजना के 242 क्लेम के लिए आवेदन किया गया। जिसे पास करने के लिए कम्पनी की तरफ से ऑडिट कराया गया। जांच किए जाने पर पता चला कि 242 क्लेम हासिल करने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण प्रस्तुत किए गए हैं। वीरल के अनुसार धोखाधड़ी कर कम्पनी को करीब 4.84 करोड़ हड़पने की साजिश थी। इंस्पेक्टर साइबर थाना मो. मुस्लिम खान के मुताबिक धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। क्लेम के लिए आवेदन करते वक्त जो डेथ सर्टिफिक्रेट लगाए गए थे। उन सब में क्यूआर कोड पड़े हुए थे। जिन्हें स्कैन किए जाने पर बतेवहवअ.बवउ और बतेवहवअ.पद वेबसाइट खुल जाती हैं। जिसमें फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के असली होने की बात लिखी होती थी। जांच कराने जाने पर पता चला कि बतेवहवअ.बवउ वेबसाइट सात मार्च 2022 और बतेवहवअ.पद छह जनवरी 2022 में रजिस्टर कराई गई है। वीरल के मुताबिक छानबीन किए जाने पर ऐसे कई मामले सामने आए। जिसमें मृत्यु होने के बाद पॉलिसी करवाई गई। वीरल के अनुसार 30 जुलाई 2021 में आफ्रीन के नाम से एक पॉलिसी शुरू की गई थी। जिसके बाद 31 मई 2022 में क्लेम प्रस्तुत किया गया। जांच में पता चला कि आफ्रीन की मौत पॉलिसी शुरू होने से ढाई साल पहले ही हो चुकी थी। उसके पिता ने भी यह बात स्वीकार्य करते हुए बताया कि संतोष नाम के व्यक्ति के कहने पर उन्होंने बाद में पॉलिसी कराई थी। संतोष ने दावा किया था कि पॉलिसी का क्लेम दिला देगा।

## दूध में पानी मिलाने पर एक साल की कैद, 12 साल बाद आया फैसला

**जुर्माना नहीं जमा करने पर एक माह की सजा और भुगतनी पड़ेगी**

संवाददाता

**लखनऊ।** दूध में पानी मिलाने पर बांसगांव सिविल न्यायालय ने बेलघाट के एकौना बुजुर्ग निवासी दूधिया सभाजीत यादव को एक साल के कारावास की सजा सुनाई। दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं जमा करने पर एक माह की सजा और भुगतनी पड़ेगी। मामले की सुनवाई 12 साल से चल रही थी, जिसपर 19 दिसंबर को फैसला आया। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त कुमार गुंजन ने बताया कि तत्कालीन खाद्य निरीक्षक चंद्रभानु ने विशेष छापामार अभियान के तहत 24 फरवरी 2010 को सिकरीगंज तिराहे के पास मोटरसाइकिल से दूध वितरित करने जाते समय सभाजीत से भैंस के दूध का नमूना एकत्रित किया था। इसे जांच के लिए लैब भेजा गया था।जांच रिपोर्ट में दूध में पानी मिले होने की पुष्टि हुई। इस पर न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन के यहां पीएफए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध पाए जाने पर न्यायालय ने सभाजीत यादव के खिलाफएक साल का कारावास और दो हजार रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई। नमूनों की जांच में विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने या पैकेजिंग नियमों की अनदेखी पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने नवंबर में 35 खाद्य कारोबारियों पर 4.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इन नमूनों में बिस्किट, पापड़, आटा, कैंडी, फलहारी नमकीन, दूध, मिल्क केक, भैंस का दूध, छेने की मिठाई, पनीर आदि शामिल हैं। विभाग के सहायक खाद्य आयुक्त कुमार गुंजन ने बताया कि मिलावट के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। नमूने संग्रहित करने के साथ खाद्य कारोबारियों को सुधार नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### केजीएमयू का कॉन्वोकेशन आज, राज्यपाल देंगी मेधावियों को डिग्री और मेडल

**लखनऊ।** यूपी के सबसे बड़े चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू यानी किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का 18वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को होगा। इस दौरान 41 मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे। मेडल पाने वालों में 23 लड़कियां हैं, वही 18 लड़के हैं। इसके अलावा एक सीनियर फैकल्टी को भी मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। कॉन्वोकेशन में केजीएमयू के 2 एलुमनाई को डीएससी की उपाधि दी जाएगी। इनमें पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित ब्रिगेडियर डॉ. अनिल कोहली शामिल हैं। वही अमेरिका बेस्ड क्लीनिकल मेडिसिन के सीनियर एक्सपर्ट डॉ. मोन जैदी भी हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। कॉन्वोकेशन समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेगी।

## रुधौली में महाविद्यालयों में बीए प्रथम ईयर की परीक्षा जारी

**बस्ती।** रुधौली क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयो में गुरुवार को कड़ी ठण्ड के बीच बीए प्रथम सेमस्टर की परीक्षा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। आज बीए प्रथम की छात्राओं ने गृह विज्ञान की परीक्षा दी। सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुए परीक्षा के दौरान कड़ी ठंड के बीच सुबह छात्राओं को परीक्षा देने में दिक्कत हुई। घने कोहरे के बीच परीक्षा देने निकली छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दसिया स्थित संतराम चौधरी राजकली देवी डिग्री कॉलेज में गुरुवार को बीए प्रथम ईयर की परीक्षा हुई, जिसमें 71 छात्राओं ने परीक्षा दिया। केंद्राध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा कराया गया। वहीं, राजकीय मॉडल महाविद्यालय सेम्हो में 57 छात्राओं ने परीक्षा दी। केंद्राध्यक्ष अतुल कुमार पांडे ने बताया कि दो कमरों में आयोजित परीक्षा में मात्र 2 ही अध्यापकों की ड्यूटी लगाया है। जबकि 40 छात्र छात्राओं पर दो अध्यापकों की जरूरत है। लेकिन यूनिवर्सिटी द्वारा मात्र दो ही अध्यापक लगाया गया। जिससे परीक्षा कराने में दिक्कतें आ रही हैं। जयमाता रानी धनशीरा पीजी कॉलेज करमाहिया रुधौली में 40 छात्राओं ने गृह विज्ञान की परीक्षा दी। पटेल शिक्षण प्रशिक्षण महिला डिग्री कॉलेज भीटाराम सेन में 37 छात्राओं ने परीक्षा दी।

## नवयुग में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के गणित एवम सांख्यिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। गणित के जादूगर के रूप के जाने जाने वाले 22 दिसंबर को जन्मे महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मान में इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 निनी कक्कड़ ने किया। उन्होंने रामानुजन के मैजिक स्क्वायर को अत्यंत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। वर्ष 1919 में रामानुजन के महान गणितीय सिद्धांत को केन्द्र में रखते हुए ठेब तृतीय वर्ष की छात्रा बलजीत कौर ने इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला और इसे वर्तमान चिकित्सा प्रणाली और ब्लैक होल को समझने में सहायक बताया। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने गणित के रुचिकर तरीको को विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 मंजुला उपाध्याय ने कार्यक्रम में कला जैसे विषयों में भी सांख्यिकी एवम गणित के भरपूर प्रयोगों पर प्रकाश डाला।


## स्कूलों के बाउंड्री वॉल निर्माण में शिथिलता,डीएम ने खराब गुणवत्ता पर 2 बीडीओ समेत 6 को चार्जशीट देने का दिया निर्देश

**बस्ती।** जिले में स्कूलों के बाउंड्री वॉल निर्माण में शिथिलता पाए जाने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने बनकटी, रूधौली के बीडीओ को चार्जशीट देने का निर्देश दिया है। कुदरहॉ ब्लॉक के माझाकला, शुभाउपुर में स्कूल के खराब बाउंड्री वॉल का निर्माण पाए जाने पर एबीएसए, एडीओ पंचायत, पूर्व ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक, अवर अभियन्ता को चार्जशीट देने का निर्देश दिया है। बीडीओ को चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार करने का निर्देश दिया है। सभी 500 स्कूलों की बाउंड्री वॉल का विवरण फोटो सहित पीपीटी के माध्यम से डीएम ने स्वयं देखा। अधिकांश में बाउंड्री वॉल की रंगाई, पुताई, गेट निर्माण का कार्य अपूर्ण पाया गया, कुछ बाउंड्री वॉल की ऊंचाई कम पाई गई और बिना पिलर के निर्माण पाया गया। बनकटी ब्लॉक के पिकौरा शुक्ल प्राइमरी स्कूल के बाहर बाउंड्री वॉल से सटे कूड़े का ढेर पाए जाने पर ग्राम सचिव, एडीओ पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने, सफाई कर्मी लगाकर तत्काल कूड़ा साफ कराने का निर्देश दिया। समीक्षा में बस्ती सदर ब्लॉक में 20 में 18, कप्तानगंज में 34 में 28, दुबौलिया में 24 में 20, परशुरामपुर में 28 में 24, रामनगर में 31 में 24, रूधौली में 36 में 30, सॉऊघाट में 39 में 37, विक्रमजोत में 41 में 28, सल्टौआ में 30 में 28, हर्रैया में 48 में 34, कुदरहॉ में 36 में 30, गौर में 67 में 58 जगह बाउंड्री वॉल का निर्माण पूरा पाया गया। 163 जूनियर हाईस्कूल का क्षेत्र पंचायत निधि से कायाकल्प कराए जाने के लिए स्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। कहा सबसे पहले छत मरम्मत कराकर एमडीएम शेड, गेट से कक्षा, एवं टायलेट तक पहुंचने के लिए पाथवे, प्लेग्राउण्ड तैयार किया जाएगा। 436 विद्यालयों, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युतीकरण कराए जाने के लिए आवेदन पत्र शुल्क के साथ संबंधित क्षेत्र के विद्युत कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**हंगामे को देखते हुए मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया**

## कंप्यूटर साइंस के छात्रों ने किया हंगामा, सीनियर्स पर मारपीट का आरोप, 15 घायल

**झांसी।** झांसी के बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में गुरुवार को छात्रों का एक गुट धरने पर बैठ गया। इस दौरान उन्होंने जमकर हंगामा किया। दूसरे गुट के छात्रों ने कैंपस में ही नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे को देखते हुए मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। दरअसल, बुधवार को कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष और लॉर्ड बुद्धा हॉस्टल के छात्रों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर ईंट-पत्थर चले। इसमें दोनों तरफ से 15 से अधिक छात्र घायल हो गए। चार छात्रों के सिर में पत्थर लगने से उनके सिर फट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके साथ ही शिकायत पर लॉर्ड बुद्धा हॉस्टल के चार सीनियर छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसको लेकर कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र बीती रात से ही धरने पर बैठ गए। गुरुवार को वह सीनियर की गिरफ्तारी और कुछ बीयू अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर विश्वविद्यालय गेट पर धरना देने लगे। उनका कहना है कि सीनियर छात्रों ने परिचय लेने के लिए उन लोगों को हॉस्टल बुलाया, जो



गलत है। वहीं हॉस्टल के छात्र परिसर में घूमघूम कर नारेबाजी कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें मामले में गलत फंसाया जा रहा है। मामला बढ़ता देख कुलपति प्रो. मुकेश पांडे ने दोनों पक्षों को अपनी बात रखने के लिए बुलाया है। इसके बाद दोनों पक्षों की तरफ से कुलपति को प्रार्थना पत्र दिया गया है। हालात को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

### चौकी पुलिस हल्के में लेती रही, बीयू अफसर भी घटना रोकने में नाकाम

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच हुए बवाल को चौकी पुलिस हल्के में लेती रही। चंद पुलिस वाले 15 से 20 मिनट बाद मौके पर पहुंच गए लेकिन काफी छात्र होने से वो मामले को संभाल नहीं पाए। वहीं, बीयू अफसर भी घटना रोकने में नाकाम रहे। छात्रों के बीच बवाल शाम 5ः40 बजे से शुरू हुआ। इसके बाद शिवाजी नगर से बाहरी छात्रों की भीड़ विश्वविद्यालय कैंपस में उमड़ पड़ी। विश्वविद्यालय में मौजूद सुरक्षा गार्ड इस भीड़ को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो गए। कैंपस के बाद बीयू के बाहर भी पथराव होने लगा। सूचना पर पहुंची विश्वविद्यालय चौकी की पुलिस छात्रों की भारी भीड़ को रोक पाने में नाकाम रही। मामले की सूचना जब बड़े अफसरों तक पहुंची तो घटना के करीब पौने घंटे बाद पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।

# मां को गाली देने से रोकने पर भाई की हत्या

## छोटे ने बड़े भाई को सिलबट्टे से मारा, पत्नी ने लाठी डंडों से पीटा, आरोपी दंपति फरार

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज में मां को गाली देने से मना करने पर छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। इस वारदात में आरोपी की पत्नी भी शामिल है। हत्या को अंजाम देने के बाद रात में ही दोनों फरार हो गए। छोटे भाई ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद से मां भी सदमे में है। वह कुछ बोल नहीं पा रही है। पुलिस का कहना है कि युवक को सिलबट्टे व डंडे से पीट पीट कर मारा गया है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मामला नगराम थाना क्षेत्र के मदापुर गांव का है। यहां पर तीन भाई ध्रुव, मझला दिनेश व छोटा मनोज रहते हैं। मनोज



की शादी निशा से हुई। ध्रुव के मुताबिक, रात करीब 9 बजे किसी बात को लेकर मनोज का मां सुंदारा से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि वह गाली गलौज करने लगा। उसने गुस्से में आकर मां को गाली दी।

यह सुनकर मंझला भाई दिनेश नाराज हो गया। गुस्से में आकर उसने भी मनोज को बुरा भला कहा। मनोज का विरोध किया तो उसने आक्रोशित होकर पास में रखे सिलबट्टे से दिनेश पर हमला कर दिया। इसके बाद दिनेश का सिर फट गया। फिर उसकी पत्नी ने भी लाठी डंडों से दिनेश को खूब पीटा। इस बीच ध्रुव व मां भी बचाने के लिए दौड़े, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। जब दिनेश की मौत हो गई तो दोनों दंपति वहां से भाग निकले। ध्रुव रात में ही पुलिस के पास गया और मनोज व निशा के खिलाफ केस दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के बाद से ही मां सुंदारा कुछ बोल नहीं पा रही है। वह सदमे में है। नगराम कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार राघव ने बताया कि आरोपियों की खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## गोमती नदी में हादसे से 200 मीटर की दूरी पर उतराता मिला महिला का शव

**लखनऊ।** लखनऊ में गोमती नदी में लापता महिला का शव 38 घंटे बाद बरामद हुआ। मछुआरे श्रीपाल व उनके साथियों ने गुरुवार को नदी में शव को तैरते देखा। इस दौरान उन्होंने हादसे से 200 मीटर की दूर बैराज के गेट नम्बर नौ के पास से महिला का शव को निकाला। वहीं युवक की तलाश अभी चल रही है। मंगलवार रात को कार अनियंत्रित होकर गोमती नदी में गिर गई थी। जिसमें सवार दो लोगों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। वहीं दो लोग डूब गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जगह पर घटना हुई है यदि उस जगह पर रेलिंग होती तो घटना नहीं होती। यहां पर लगी करीब 100 मीटर रेलिंग टूट कर नदी में गिर गई और उसके बाद नहीं लगाई गई। वहीं, घटना के बाद भी लोग अभी भी उधर से वाहन चला रहे हैं और जिम्मेदारों ने इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। विकासनगर सेक्टर दो निवासी अभिषेक दुबे गुलाचीन मंदिर के सामने नेपाल की मीना कुमारी के साथ हाईटेक ब्यूटी पार्लर का संचालन करते हैं। पेपर मिल कालोनी निवासी प्रत्यक्षदर्शी शाहिल खान ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से इन लोगों को कार से आकर कुत्ता टहलाते देख रहा था। यह लोग रोज आते थे और कार खड़ी करके कुत्ता टहलाते थे। करीब एक घंटे के बाद चले जाते थे। घटना के वक्त भी यह चारों लोग कुत्ते के साथ कार में सवार थे। घटना इनके आते ही हुई। एडीसीपी पूर्वी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि लखनऊ में महानगर पेपर मिल कालोनी जाने वाले रास्ते पर मंगलवार रात गोमती रिवर फ्रंट पर कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई थी। जिससे कार में सवार महिला समेत चार लोग और एक कुत्ता डूब गए थे। इस बीच कार मालिक अभिषेक और उसके साथी दुष्यंत को बचा लिया गया। जबकि कार में सवार उसकी मित्र मीना और कर्मचारी राहुल उर्फ मन्नु यादव पानी में डूब गए थे।

## चीन में मिले बीएफ.7 वैरिएंट के 3 केस भारत में मिलने से हाहाकार, आप भी हो जाएं अलर्ट

संवाददाता

**लखनऊ।** चीन में फैल रहे कोरोना ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी हैं, कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि हर हफ्ते चीन में हजारों लोगों की जान जा रही है। चीन में मिले बीएफ7 वैरिएंट के तीन केस भारत में मिलने से हाहाकार मच गया है। इनमें दो केस गुजरात और एक केस ओडिशा में मिला है। ये तीनों मरीज ठीक हो चुके हैं। सरकार जल्द ही इसके लिए गाइडलाइन जारी कर सकती है। सरकार ने कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत में सितंबर में ही बीएफ7 वैरिएंट का केस सामने आया था। इनमें वडोदरा आई एक एनआरआई महिला भी शामिल थी। जांच और इलाज के बाद तीनों मरीज ठीक हो गए थे। कोविड को लेकर आज यूपी और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने अहम बैठक बुलाई हैं। यूपी के स्वास्थ्य मंत्री मक्केश्वर सिंह ने कहा कि पैनिक की जरूरत नहीं है, हमारे पास अस्पताल और वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। हालांकि चीन में कोरोना के केस एक बार फिर बढ़ जाने की वजह से हमें अलर्ट रहना होगा। किसी भी स्थिति से निपटे के लिए प्रदेश के सबी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है और ऑक्सीजन प्लांटों को पूरी क्षमता के साथ रेडी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## केंद्र के पाले में स्मार्ट मीटर टेंडर की ज्यादा दर का मामला, जवाब आने के बाद ही होगी कार्रवाई

संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्री-पेड स्मार्ट मीटर के टेंडर में आई ऊंची दरों का मामला केंद्र सरकार के पाले में डाल दिया है। टेंडर में अनुमानित लागत से करीब 65 प्रतिशत ज्यादा आ रही लागत को मंजूरी देने के दबाव के बीच पावर कॉर्पोरेशन ने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) से दिशा-निर्देश मांग लिया है। पावर कॉर्पोरेशन और बिजली कंपनियां डीपीआर में इंगित की दर से अधिक पर टेंडर को मंजूरी देने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि भविष्य में इसे लेकर

**टेंडर में अनुमानित लागत से करीब 65 प्रतिशत ज्यादा आ रही**

**दरों में कमी के लिए टेंडर में हिस्सा लेने वाली निजी कंपनियों से वार्ता की पेशकश भी की**

बखेड़ा खड़ा हो सकता है। पावर कॉर्पोरेशन और बिजली कंपनियों ने डीपीआर के अनुसार दरों में कमी के लिए टेंडर में हिस्सा लेने



वाली निजी कंपनियों से वार्ता की पेशकश भी की, लेकिन कंपनियां दरों में कमी करने को तैयार नहीं है। ऐसे में पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने आरईसी के कार्यकारी निदेशक को पत्र भेजकर पूरी वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए दिशा-निर्देश मांगा है। सूत्रों का कहना है कि अब केंद्र का जवाब मिलने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। उधर, उपभोक्ता परिषद इस मामले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में जुटा है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री से पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि अगर निष्पक्ष जांच हो तो बड़ा घोटाला सामने आएगा।

## शाइन सिटी के जालसाज निदेशक पर एक और मुकदमा

### प्रस्ताव पर लगे फोटो व हस्ताक्षर को जेलर ने प्रमाणित किया

संवाददाता

**लखनऊ।** जेलर ने जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए बनाए प्रस्ताव पर उनके फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप लगाते हुए 25 अक्तूबर को तहरीर दी थी। जांच में मामला सही निकलने पर बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जिला जेल के वरिष्ठ अधीक्षक आशीष तिवारी के मुताबिक, जमीन घोटाले के आरोप में आसिफ नसीम जेल में बंद है।

जांच के मामले में 20 अक्तूबर को जेलर राजेंद्र सिंह को बयान देने के लिए आर्थिक अपराध शाखा में बुलाया गया था। इस दौरान जेलर को बताया गया कि आसिफ नसीम ने जेल में प्रस्ताव तैयार कर अपने करीबी श्याम लाल को जमीन का विक्रय



करने के लिए अधिकृत किया है। प्रस्ताव पर लगे फोटो व हस्ताक्षर को जेलर ने प्रमाणित किया है। आगे बताया गया कि तैयार प्रस्ताव के आधार पर श्याम लाल मोहनलालगंज स्थित उपनिबंधक कार्यालय में जमीन का क्रय-विक्रय कर रहा है।

जेल प्रशासन ने पड़ताल कराई तो सामने आया कि जेलर के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके बाद 25 अक्तूबर को जेलर ने शिकायत की। अतिरिक्त निरीक्षक गोसाईंगंज देवकरन सिंह के मुताबिक, बंदी के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। बंदी को लाभ पहुंचाने की शिकायत पर बदल दिया था जांच अधिकारी

शाइन सिटी प्रकरण में रेंज डीआईजी शैलेंद्र मैत्रेय पर आसिफ नसीम को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा था। डीआईजी पर आरोप था कि बंदी के सामने ही तीन बंदियों के बयान लिए गए, जबकि जेल अधिकारियों के बयान नहीं लिए गए। इस पर शासन ने दूसरे अधिकारी से जांच के आदेश दिए थे। प्रमुख सचिव कारागार के आदेश पर वाराणसी परिक्षेत्र के जेल डीआईजी एके सिंह को मामले की जांच सौंपी गई थी।

## एएमयू ओल्ड ब्वॉय बिल्डिंग में वकीलों ने की शराब पार्टी, वीडियो वायरल होते ही मचा हड़कंप

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की ओल्ड ब्वॉय बिल्डिंग में वकीलों द्वारा शराब पार्टी करने का मामला सामने आया है। वकीलों द्वारा शराब पार्टी करने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। मामले का पता लगने के बाद एएमयू में हड़कंप मचा हुआ है। मामला अलीगढ़ के थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का है। जानकारी के मुताबिक, अलीगढ़ बार एसोसिएशन के चुनाव से पहले अधिवक्ताओं द्वारा एएमयू ओल्डब्वॉय बिल्डिंग में शराब पार्टी आयोजित की जा रही थी। इसी बीच अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा ओल्ड ब्वॉय बिल्डिंग में घुसकर अधिवक्ताओं को शराब पीते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया, जिसके बाद छात्रों ने जमकर हंगामा काट दिया और घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं ओल्डब्वॉय बिल्डिंग में अधिवक्ताओं द्वारा शराब पार्टी किए जाने पर एएमयू छात्रों ने जमकर हंगामा काटा और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद एएमयू में हड़कंप मचा हुआ है। आपको बता दें कि शराब पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद एएमयू में हड़कंप मचा हुआ है। मामला संज्ञान में आने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन जांच में जुट गया है। एएमयू छात्रों ने इस मामले में पुलिस में भी शिकायत दी है। यूनिवर्सिटी प्रशासन के मुताबिक यह पता किया जा रहा है कि वकील कैसे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुस गए और यहां पर इन्होंने शराब पार्टी का आयोजन किया। वहीं पुलिस भी अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।

## बेटे ने मां-बाप को बांधकर पीटा, मां से घर में रखे बहन की शादी के बर्तन मांग रहा था, मना करने पर पत्नी संग की मारपीट

**अलीगढ़।** जिले में बेटे ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को बांधकर बेरहमी से पीटा। इसी बीच मौका पाकर बुजुर्ग महिला जैसे-तैसे घर से बाहर निकली और थाने पहुंच गई। बुजुर्ग की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के चंगुल से बुजुर्ग को बचाया। जिसके बाद आरोपी बेटे और उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बेटे का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मैलरोज बाईपास के एडवोकेट निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि उनका बड़ा बेटा पवन कुमार काफी बदमाश किस्म का है। स्कूल के समय से उसका पढ़ने लिखने में मन नहीं लगता था। आरोपी की शादी भी हो चुकी है। अब वह घर में आए दिन हंगामा करता है। आरोपी की मां ने बताया कि बुधवार देर शाम आरोपी उनके पास आया और घर में रखे उनकी बेटी के बर्तन मांगने लगा। जब उन्होंने मना किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसने बुजुर्ग पिता को बांध लिया और उन्हें पीटने लगा। जब महिला ने अपने बेटे-बहू को रोकने की कोशिश की तो उन्हें भी नही बक्शा। जिसके बाद महिला दौड़कर थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी लड़के का मेडिकल करा लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## अश्लील व धमकी भरे मेसेज केस में एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर बेहद धमकी भरे तथा अश्लील मेसेज भेजे जाने के मामले में दी गयी शिकायत पर थाना गोमतीनगर में एफआईआर संख्या 833द्2022 धारा 504, 507 आईपीसी व 67ए आईटी एक्ट में दर्ज किया गया है, इसकी विवेचना इंस्पेक्टर पवन कुमार राय द्वारा की जा रही है। 17 दिसंबर 2022 को जनसुनवाई द्वारा भेजी शिकायत में उन्होंने कहा था कि उन्हें मोबाइल नंबर 7492943843 से एक मेसेज आया जिसमे उन्हें कई प्रकार की धमकी दी गयी थी और कुछ बेहद अश्लील तथा आपत्तिजनक तस्वीरें भेजी गयी थीं. नूतन ने यह मेसेज उनके तथा उनके पति अमिताभ ठाकुर के राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यों का विरोध करने वाले लोगों द्वारा उन्हें अपमानित, परेशान तथा भयभीत के उद्देशों से भेजा गया बताते हुए एफआईआर और सुरक्षा की मांग की थी।

## सड़क हादसे में फाइनेंस कंपनी के सुपरवाइजर की मौत

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद इलाके के जीटी रोड स्थित नानऊ पुल के पास बुधवार देर रात्रि सड़क हादसे में फाइनेंस कंपनी के सुपरवाइजर की मौत हो गई। युवक ड्यूटी के बाद घर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अकराबाद थाना इलाके के गांव रामपुर लधुआ निवासी 35 वर्षीय दीपक पुत्र रामकिशोर एक फाइनेंस कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी करता था। उसका ऑफिस शहर के रामघाट रोड स्थित किशनपुर के पास है। बुधवार देर रात्रि बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में पनेठी के पास उसने




अपने साथी विमल निवासी महमूदपुर को बाइक से छोड़ा था।

यहीं से कुछ किलोमीटर दूर उसकी बाइक नानूऊ पुल के पास पहुंची थी, तभी वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। गाड़ी के सामने अचानक से गोवंश आने से दीपक टकरा गया। सिर में चोट आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन भी पहुंचे। घायल अवस्था में समझकर जिला अस्पताल मलखान

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया**

सिंह लाए, जहां से डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि अभी हादसे का कारण स्पष्ट नहीं निकल आ पाया है। उधर, इमरजेंसी इंचार्ज डॉ. फारूक अंसारी ने बताया कि दीपक को मृत अवस्था में पुलिस यहां लेकर आई थी। शव को मॉर्च्यूरी भिजवा दिया गया है। परिजनों ने बताया कि युवक ने अपने पीछे पत्नी रूबी और एक बेटा सहित परिवार के अन्य सदस्य रोते बिलखते छोड़ा है। पुलिस टीम मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### डीएस कॉलेज में छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहा था आरोपी

## मुस्लिम छात्र के पास मिली हिंदू नाम की फर्जी आईडी

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के डीएस कॉलेज में छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले मुस्लिम छात्र के पास से फर्जी आईडी बरामद हुई हैं। पुलिस इन आईडी की जांच कर रही है। आरोपी छात्र हाथ में कलावा बांधकर कॉलेज आता था और खुद को हिंदू बताकर छात्राओं से मिलता था।

इतना ही नहीं उसने हिंदू नाम से फर्जी आधार कार्ड भी बनवा रखे थे। पुलिस को उसके पास से कई फर्जी आधार और पैन कार्ड बरामद हुए हैं। जिसमें उसकी पहचान अलग-अलग है। कुछ में उसका नाम मो. सुहैल लिखा है, तो कुछ आईडी कार्ड पर उसका नाम राहुल शर्मा लिखा हुआ है। हिंदू छात्राओं

**✸ आरोपी छात्र हाथ में कलावा बांधकर कॉलेज आता था और खुद को हिंदू बताकर छात्राओं से मिलता था**

**✸ पुलिस को उसके पास से कई फर्जी आधार और पैन कार्ड बरामद हुए**

से वह राहुल नाम से ही मिलता था। डीएस कॉलेज के बीसीए के एक मुस्लिम छात्र पर दो छात्राओं ने आरोप लगाया था कि बुधवार को वह उनके साथ आकर बैठ गया। कुछ देर बाद वह उनके साथ अश्लीलता करने लगा। जिसके बाद छात्राओं ने इसकी जानकारी अन्य छात्रों और प्रॉक्टर को दी। छात्राओं से छेड़छाड़ होने पर जब अन्य छात्र उसके पास पहुंचे तो वह उनसे उलझ गया।

आरोपी छात्र से जब उसका नाम पूछा गया तो उसने हिंदू नाम बताया और आईडी कार्ड भी दिखाया। लेकिन जांच करने पर पता चला कि आरोपी छात्र मुस्लिम है और अपनी पहचान छिपाने के लिए उसने फर्जी आईडी कार्ड बनवा रखे हैं। आरोपी छात्र को जब पकड़ लिया गया तो उसके हाथ में कलावा बंधा हुआ था और उसने कड़ा भी पहन रखा था। लेकिन बाद में पता चला कि आरोपी मुस्लिम है और लोगों को गुमराह करने के लिए उसने ऐसा किया है। पकड़े जाने के बाद आरोपी छात्र बोला कि वह अन्य धर्म की भी इज्जत करता है, इसलिए उसने हाथ में कलावा बांधा है।

लेकिन फर्जी आईडी मिलने के बाद पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है और उससे पूछताछ भी की जा रही है। एबीवीपी के पूर्व प्रांत मंत्री बलदेव चौधरी सीटू ने कहा कि डीएस कालेज में गैर हिंदू छात्र लगातार अपना नाम छिपाकर छात्राओं को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी पहचान छिपाई है। लेकिन पुलिस मामूली धाराओं में कार्रवाई करके उन्हें छोड़ देती है। सीटू ने कहा कि अगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन किया जाएगा। जिससे कि दुबारा ऐसी घटना न हो। छात्र के पकड़े जाने के बाद प्रॉक्टर टीम ने तत्काल गांधीपार्क थाना को सूचना दी और आरोपी छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया। इसके साथ ही उसे कालेज से निलंबित कर दिया गया है। उसके पास मिली आईडी और दवाइयां भी पुलिस को सौंप दी गई हैं। वहीं सीओ सेकंड एएसपी पुनीत द्विवेदी ने बताया कि आरोपी छात्र से पूछताछ की जा रही है। उसके पास से मिले फर्जी आईडी और दस्तावेजों की भी जांच हो रही है। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत जोड़ो यात्रा रोकने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने लिखा पत्र, खुर्शीद ने कहा- यात्रा नहीं रुकेगी

**लखनऊ।** कोविड के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर भारत जोड़ो यात्रा रोकने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की तरफसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पत्र लिखे जाने के बीच यात्रा की समन्वय समिति के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने बृहस्पतिवार को कहा कि यात्रा नहीं रोकी जाएगी। खुर्शीद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा ष्कांग्रेस अपनी यात्रा में कोविड से बचाव संबंधी तमाम सावधानियों का पालन हर हाल में करेगी लेकिन यात्रा नहीं रुकेगी, नहीं रुकेगी, नहीं रुकेगी। खुर्शीद से पूछा गया था कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने राहुल को पत्र लिखकर यात्रा रोकने को कहा है, तो क्या यात्रा कार्यक्रम पर इसका असर पड़ेगा? पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर पार्टी और व्यक्ति को अपनी बात कहने का अधिकार है। कांग्रेस की इस यात्रा से सरकार डर गई है इसीलिए तरह-तरह की आदेश और पत्र जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्राश् आगामी तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से उत्तर प्रदेश में दाखिल होगी। उसके बाद वह बागपत और शामली होते हुए हरियाणा में दाखिल हो जाएगी।

## करंट से युवक की जान गई

**उरई/जालौन।** नलकूप का तार जोड़ रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी कस्बा निवासी पुष्पेंद्र सिंह चौहान (38) बिजली मैकेनिक था। वीरवार की सुबह वह ऊमरी देहात क्षेत्र में स्थित निजी नलकूप पर हाइटेंशन लाइन का तार जोड़ने गया था। तार जोड़ते समय वह करंट की चपेट में आ गए। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे उसके भाई कुलदीप और कल्लू उसे लेकर जालौन सीएचसी पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि पुष्पेंद्र के दो पुत्र हैं। चार भाई और दो बहनों में पुष्पेंद्र दूसरे नंबर का था। वह बिजली का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। माता-पिता की मौत पहले ही हो चुकी थी।

## किसान की पीट-पीटकर हत्या,खेत जाते समय आरोपी ने किया हमला

**उरई/जालौन।** जालौन में खेत पर जा रहे एक किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। साथ ही दबंगों ने किसान के शव को गांव के बाहर कुएं में फेंक दिया। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कुएं से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरका की है। इस गांव के रहने वाले दिनेश यादव (35) पुत्र रामसेवक यादव गांव के हरिराम के साथ खेत जा रहे थे। जब वह गांव के बाहर पहुंचे, तभी गांव के बुद्ध सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनेश को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इस घटना को देख हरि सिंह मौके से भाग गया। बुद्ध सिंह ने पीटने के बाद मरणासन्न होने पर दिनेश को कुएं में फेंक दिया। कुएं में डूबने से उसकी मौत हो गई। हरि सिंह ने दिनेश के भाई संजीव को घर जाकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलते ही डकोर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कुएं से शव को बाहर निकाला। मृतक दिनेश के भाई संजीव ने बुद्ध सिंह पर पुरानी रंजिश में भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक उदय भान गौतम का कहना है कि जांच की जा रही है। दिनेश यादव शराब पीने का आदी था। नशे में दौरान वह कुएं में कूद गया, जिस कारण उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व हिंदू महासंघ ने किया पठान का विरोध,शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण का फूंका पुतला

**बांदा।** बबेरू कस्बे में विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने पठान मूवी का विरोध किया। उन्होंने कहा की पठान मूवी में भगवा ध्वज एवं नारी के अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने का दृश्य दिखाया है। इससे विश्व हिंदू महासंघ ने बबेरू मुख्य चौराहा पर अभिनेता शाहरुख खान व दीपिका पादुकोण का पुतला फूंका है। साथ ही फिल्मी दुनिया को चेताया कि सनातन धर्म का खिलवाड़ नहीं होने देंगे। विश्व हिंदू महासंघ के तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह अगुवाई व ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह की अध्यक्षता मे बबेरू कस्बे के राम जानकी मंदिर से एकत्र होकर फिल्म अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही कस्बे के मुख्य चौराहा तक नारे बाजी करते रहे। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के विरुद्ध के नारे लगाकर दोनों का पुतला दहन किया। विश्व हिंदू महासंघ के मंडल प्रभारी मिथिलेश कुमार शुक्ला ने बताया कि पठान मूवी में जिस तरह से फिल्माया गया है। वह सनातन धर्म को आहत करने की चेष्टा की गई है। जिसे सनातन धर्म को मानने वाले कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी के तहत आक्रोशित विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्य चौराहा पर पठान मूवी नायक शाहरुख खान व नायिका दीपिका पादुकोण का पुतला दहन किया है। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय विक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयपाल सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के, बबेरू ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह, सम्भाग प्रभारी शिव विलास शर्मा, मंडल प्रभारी मिथलेश शुक्ला, जिला प्रभारी विनोद द्विवेदी, अवधेश शास्त्री, तहसील अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,मधु गुप्ता, सुशीला नामदेव, ब्लॉक मंत्री मनीष,नगर अध्यक्ष, शिवचंद वर्मा, सौरभ कुशवाहा लक्ष्मी नारायण गुप्ता पिंटू, राजा नामदेव, सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएपी के बाद मंडल में यूरिया का संकट

**बांदा।** मंडल में डीएपी के बाद अब यूरिया के लिए मारामारी है। टोकन के लिए सुबह तीन बजे से लाइन लगाने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इससे किसान गेहूं में यूरिया का छिड़काव नहीं कर पा रहा है। यूरिया न मिलने से किसानों को फसल के बर्बाद होने का डर सता रहा है। किसानों का कहना है कि समय रहते यूरिया का छिड़काव न किया गया तो फसल खराब हो जाएगी। चित्रकूटधाम मंडल में इस वर्ष 9 लाख हेक्टेअर से अधिक क्षेत्र में रबी की बुआई की गई है। पहले किसान बुवाई के लिए डीएपी को परेशान रहा। अब गेहूं की फसल में यूरिया के छिड़काव के लिए परेशान हैं। उन्हें सहकारी समितियों में यूरिया नहीं मिल पा रही है। सहकारी समितियों में एक-एक बोरी यूरिया के लिए मारामारी मची है। किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़ा रहता है। कभी-कभी बिना खाद के ही घर लौटना पड़ता है। मंडल में रबी अभियान के तहत यूरिया का लक्ष्य 49,559 मीट्रिक टन है। इसके सापेक्ष अभी तक महज 24,900 मीट्रिक टन ही यूरिया का वितरण किया गया है। मंडल के बफर गोदामों में यूरिया का महज 1670 एमटी स्टाक है। समितियों को मांग की आधी भी यूरिया नहीं मिल पा रही है। ऐसे में ज्यादातर समितियों में यूरिया नहीं है। कुछ में है तो वह किसानों को एक या दो बोरी ही यूरिया दे रहे हैं। जब कि किसानों का कहना है कि उन्हें रकबे के हिसाब से यूरिया मिलना चाहिए। रामगोपाल का कहना है कि पलेवा कर गेहूं की बुआई कर दी है। पौध बेहतर फैलाव लें और फल अच्छे निकलें, इसके लिए 30-30 दिन के अंतर में दो बार यूरिया का छिड़काव करना होता है। यूरिया का छिड़काव न होने से पौधे पीले पड़ जाएंगे। इसका फसल पर प्रभाव पड़ेगा। भरोसी का कहना है कि यूरिया के लिए दो दिन से भटक रहे है। सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहते है। बमुश्किल दो बोरी खाद मिल पाई है। 10 बीघे में गेहूं बोया है। पांच बोरी यूरिया की जरूरत है। तीन बोरी यूरिया के लिए फिर लाइन लगानी पडेगी।


## खाटू श्याम मंदिर में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम परिवार अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने निशुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ शुगर थायराइड बीपी जांच करवाई सीनियर परामर्श करता डॉक्टर एम एस अहमद ने बताया कि डेंगू चिकनगुनिया से संक्रमित लोगों की संख्या में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है जिसका चिकित्सक से जल्द मरीज ठीक हो रहे हैं।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा गन्ना,चीनी उत्पादक : तोमर

## देश में औसतन सालाना एक लाख 40 हजार करोड़ टन चीनी का उत्पादन होता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक देश बन गया है बल्कि यह चीनी का सबसे बड़ा निर्यातक भी बन गया है। तोमर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि देश में औसतन सालाना एक लाख 40 हजार करोड़ टन चीनी का उत्पादन होता है। चीनी उद्योग से करीब पांच करोड़ किसान और पांच करोड़ मजदूर जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहले देश में चीनी का उत्पादन महंगा था जिसके कारण इसके निर्यात पर सरकार को सब्सिडी देनी पड़ती थी। इसके लिए 18000 करोड़ रुपये दिये गये थे। अब बड़े पैमाने पर चीनी उत्पादन होने से सब्सिडी देने की जरूरत नहीं रह गयी है। चीनी मिले मुनाफे में आ गयी हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017- 18 में 6/8 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया था जो 2018-19 में बढकर 38 लाख टन हो गया था। वर्ष 2020 - 21 के दौरान 60 लाख टन और 2021-22 के दौरान 110 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया।

कृषि मंत्री ने कहा कि चीनी मिलों ने बड़े पैमाने पर एथनाल का उत्पादन शुरू कर दिया है और वर्ष 2022 तक 925 करोड़ लीटर एथनाल के उत्पादन करने का लक्ष्य है। देश में 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल मिलाने का लक्ष्य है । इससे पेट्रोलियम के आयात में भारी कमी होगी और इससे विदेशी मुद्रा की बचत हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि गन्ना सीजन 2021-22 के दौरान चीनी मिलों पर किसानों का 118271 करोड़ रुपये बकाया था, जिसमें से 114981 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार किसानों के करीब 97 प्रतिशत बकाये राशि का भुगतान कर दिया गया था।

## मोटे अनाजों की बड़े पैमाने पर होगी खरीद

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि पौष्टिक मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस बार बड़े पैमाने पर इनकी खरीद की जायेगी और इसके लिए राज्यों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। श्री तोमर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मोटे अनाजों (ज्वार, बाजरा ,रागी आदि) की खरीद के लिए राज्यों को केन्द्र को प्रस्ताव भेजना होगा और उसके आधार पर उन्हें राशि उपलब्ध करायी जायेगी। राज्यों की ओर से जिन मोटे अनाजों की खरीद की जायेगी उसका वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से करना होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल सात राज्यों ने 13 लाख टन मोटे अनाजों की खरीद की थी। इस बार और अधिक राज्यों को मोटे अनाजों की खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहनों और तिलहनों की भी खरीद की जा रही है जिससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिल रहा है। दलहनों के मामले में देश लगभग आत्मनिर्भर हो गया है जबकि तिलहनों के उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

श्री तोमर ने 'एक देश एक राशन कार्ड' योजना और आधुनिक तकनीक से लोगों को हो रहे फायदे की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इससे कहीं भी लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों से अपना राशन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इससे अपने राज्य के बाहर जा कर काम करने वाले लोगों को सर्वाधिक फायदा हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पांच लाख से अधिक दुकानों में पीओएस मशीनें लगायी गयी हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और फर्जी कार्ड का पता चला है। देश भर में 19 करोड़ राशन कार्ड हैं जिससे करीब 80 करोड़ लोग जुड़े हैं । राशन कार्ड से पोर्टेबल की सुविधा मिलने के कारण वर्ष 2019 में 93 करोड़ लेनदेन तथा 2022 में 39 करोड़ लेनदेन हुए हैं।

श्री तोमर कोविड संकट के दौरान गरीबों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कराया गया तथा इसके लिए पांच किलोग्राम अनाज लोगों को मुफ्त उपलब्ध कराया गया। इस योजना पर तीन लाख 90 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये।

## काबुल की महिलाओं के विश्वविद्यालय प्रवेश पर लगी रोक


एजेंसी

**काबुल।**अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं की शिक्षा पर जबरदस्त कुठाराघात करते हुए उनके विश्वविद्यालय प्रवेश पर रोक लगा दी है। महिलाओं को उच्च शिक्षा से रोकने के लिए तालिबान सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय की ओर से विश्वविद्यालयों के लिए जारी आदेश की विदेशों और संयुक्त राष्ट्र में कड़ी आलोचना हो रही है। काबुल में एक निजी विश्वविद्यालय में बिज़नेस स्टडीज़ की छात्रा शाइस्ता ने कहा, ÷ जब हम विश्वविद्यालय पहुंचे तो गेट पर खड़े तालिबानियों ने हमसे कहा कि अगले आदेश तक हमें अंदर जाने की इजाजत नहीं है। यह बात सुनकर सभी छात्राएं रोने लगीं। काबुल के ही एक अन्य विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि स्टाफ के पास इस आदेश को लागू करने के सिवा और कोई चारा नहीं था। इसलिए स्टाफ को लड़कियों को वापस भेजना पड़ा। तालिबान प्रशासन ने महिलाओं की उच्च शिक्षा पर यह पाबंदी लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति पाने की अपनी पहल को कमजोर किया है साथ ही उन पर लगे विभिन्न प्रतिबंधों को समाप्त कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के प्रयासों पर भी इस फैसले से कुठाराघात हुआ है।

तालिबान सरकार के इस फैसले के बाद अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने सरकार को इस फैसले को तुंरत वापस लेने को कहा है और प्रशासन ने छठी कक्षा से ऊपर के लिए लड़कियों के स्कूल खालने तथा महिलाओं और लड़कियों के दैनिक सार्वजनिक जीवन में हिस्सा लेने पर लगी रोक को समाप्त करने की अपील की है। तालिबान के इस आदेश में बाद कई लड़कियां स्कूल नहीं जा पायेंगी। तालिबान प्रशासन ने कहा है कि वह लड़कियों की शिक्षा को लेकर एक योजना पर काम कर रहा है, लेकिन इसके लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं दी है। इसी बीच सरकार ने यह अप्रत्याशित यू टर्न लिया है। तालिबान सरकार के इस फैसले पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी निराशा व्यक्त की है।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामले कुछ घटे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के सक्रिय मामलों में कुछ कमी आयी है, जिससे कोरोना महामारी की संख्या घटकर 3,402 रह गयी है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.02 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण से 190 लोग मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,42,432 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है जबकि कोरोना वायरस संक्रमण से एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या 5,30,681 हो गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है। देश में पिछले 24 घंटे में नौ राज्यों में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़े हैं और बाकी राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात सहित अन्य राज्यों में सक्रिय मामले बढे हैं।

केरल में दो सक्रिय मामले बढ़ने पर, यहां सक्रिय मामलों की संख्या सबसे बढ़कर 1,438 तक पहुंच गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,54,841 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,540 स्थिर है। कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के नौ सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,263 रह गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,30,157 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 40,307 पर बरकरार है।

महाराष्ट्र में तीन सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 135 रह गयी है। इस दौरान 27 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,87,851 तक पहुंच गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 1,48,412 पर स्थिर है। ओडिशा में कोरोना संक्रमण के पांच सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 103 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 13,27,214 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 9,205 है।

### चीन का जानलेवा कोरोना वैरिएंटः एक व्यक्ति 18 लोगों को कर सकता है संक्रमित

**चीन।** चीन में कोरोना ने तबाही मचा रखी है। कोरोना के मामलो में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। जगह जगह लाशों का अंबार लगा हुआ है। वहीं कुछ दिनों पहले ही कोरोना संबंधी प्रतिबंधो को खत्म किया गया है। हर रोज लगभग 10 हजार मामले आ रहे हैं। खबरें आ रही हैं कि लोगों को लाशों को दफनाने के लिए एक दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि लाखों मौते होने की संभावना है। बीएफ 7 वैरिएंट ओमक्रिोन वैरिएंट का सब वैरिएंट है। अन्य वैरिएंट्स की तुलना में यह बहुत तेजी से फैल रहा है।

## बंगलादेश 227 रन पर सिमटी, भारत मज़बूत



एजेंसी

**ढाका।** भारत ने उमेश यादव (25/4) और रविचंद्रन अश्विन (71/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को दूसरे टेस्ट की पहली पारी में गुरुवार को 227 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने से पूर्व बिना किसी नुकसान के 19 रन बना लिये। बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सहज शुरुआत की और पहले सत्र में दो विकेट गंवाने के बावजूद 82 रन जोड़ लिये। बंगलादेश दूसरे सत्र में आक्रामक बल्लेबाजी करने के इरादे से उतरा, लेकिन लंच के बाद पहली गेंद पर ही कप्तान शाकिब अल हसन (16) चेतेश्वर पुजारा को कैच थमा बैठे। शाकिब के बाद मुश्फिकुर रहीम (26) और लिटन दास (25) भी जल्दी पवेलियन लौट गये, हालांकि मोमिनुल हक ने बंगलादेशी पारी को संभाल लिया। मोमिनुल ने 84 रन की पारी खेलते हुए मेहदी हसन मिराज़ (15) के साथ छठे विकेट के लिये 41 रन की साझेदारी की। मोमिनुल ने 157 गेंदों की अपनी पारी में 12 चौके

### अक्षर ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की



**दुबई।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की मदद से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग हासिल कर ली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार अक्षर 10 पायदान चढ़कर 655 रेटिंग पॉइंट के साथ 18वें नंबर पर आ गये हैं। यह अक्षर के करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग व रैंकिंग है, जबकि वह शीर्ष 20 में भी पहली बार आये हैं।

अक्षर के साथी कुलदीप यादव ने भी पहले टेस्ट में मैच जिताऊ प्रदर्शन के दम पर गेंदबाजों की रैंकिंग में 49वां स्थान हासिल कर लिया। कुलदीप ने पहली पारी में बल्ले से 40 रन का योगदान देने के बाद मैच में कुल आठ विकेट लिये थे, जबकि अक्षर ने कुल पांच विकेट लेकर भारत की 188 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

इसी बीच, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म स्टीव स्मिथ को पछाड़कर बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गये हैं। बाबर ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 78 और 54 रन बनाये, हालांकि उनकी टीम मैच और सीरीज दोनों हार गयी।

## दक्षिण अफ्रीका, ज़िम्बाब्वे दौरे के लिये कोली बने विंडीज कोच



**सेंट जॉन्स।** क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने ज़िम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरों के लिए आंद्रे कोली को अपनी पुरुष टीम का अंतरिम कोच नियुक्त किया है। सीडब्ल्यूआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि 19 दिसंबर को सीडब्ल्यूआई के निदेशक मंडल की बैठक के बाद कोली को यह जिम्मेदारी दी गयी।

उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज के टी20 विश्व कप 2022 के पहले दौर में बाहर होने के बाद पूर्व कोच फिल सिमन्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जमैका के पूर्व विकेटकीपर कोली सीडब्ल्यूआई अकादमी कार्यक्रम के मुख्य कोच हैं। उन्होंने पहले वेस्ट इंडीज अंडर-19 के मुख्य कोच के रूप में और वरिष्ठ पुरुष और महिला दोनों टीमों के सहायक कोच के रूप में काम किया है। वेस्टइंडीज ने जब सिमंस की अगुवाई में टी20 विश्व कप 2016 जीता था, तब कोली ने सहायक कोच की भूमिका निभाई थी। कोली ने कहा, ÷ जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरों पर वेस्टइंडीज टीम की देखरेख करने की जिम्मेदारी मिलना एक विशेष सम्मान है। वेस्टइंडीज क्रिकेट मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। आगामी कार्य चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हम दो टीमों के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में खेलेंगे।

उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि हमारी योजना और तैयारी उपयुक्त हैं। हम इन योजनाओं निरंतरता के साथ मैदान पर लागू करने की कोशिश करेंगे ताकि सकारात्मक परिणाम हासिल कर सकें। वेस्टइंडीज फरवरी 2023 में दो टेस्ट मैचों के लिये जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। इसके तुरंत बाद टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होगी, जहां दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले खेले जायेंगे।

## बीगौस ने दिल्ली में लॉन्च किया इलेक्ट्रिक स्कूटर डी15 आई और डी 15 प्रो

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी बीगौस ने आज डीलर पार्टनर ईविंग्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दिल्ली में अपना तीसरा ईवी स्कूटर बीजी डी15आई और डी 15 प्रो लॉंच करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत क्रमशः 99,999 रुपये और 1,14,999 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस मौके पर 100 से ज्यादा ग्राहकों ने बीगौस द्वारा निर्मित इस स्वदेशी स्कूटर की टेस्ट राइड किया। इस दौरान आरआर ग्लोबल के डायरेक्टर सुमित काबरा भी उपस्थित रहे। आरआर ग्लोबल के डायरेक्टर और बीगौस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हेमंत काबरा ने कहा, ÷ दिल्ली में अपने डी15 मॉडल को प्रदर्शित करते हुए उत्साहित हैं। ग्राहक हमारे पिछले मॉडलों से परिचित हैं और 100 प्रतिशत मेड इन इंडिया इलेक्ट्रिक स्कूटर बीजी डी15 बीगौस के पिछले मॉडलों से भी एक कदम आगे है। दिल्ली एक प्रगतिशील बाजार है और हमें भरोसा है कि बीजी डी15 यहां के स्मार्ट और ट्रेंडी लोगों को जरूर लुभाएगा। हम देशभर में ईवी को अपनाने की तैयारी कर रहे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने मॉडल्स को विस्तार देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।÷



सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए तैयार बीजी डी15 एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसमें 20 सेफ्टी फीचर दिए गए हैं। बीगौस ने ऐसा स्कूटर तैयार किया है, जो न सिर्फ अपनी आधुनिक डिजाइन से ग्राहकों को लुभाएगा, बल्कि स्मार्ट बैटरी और मोटर कंट्रोलर जैसे उपयोगी फीचर्स भी लोगों को भाएंगे। इन्हें पुणे के चाकन प्लांट में डिजाइन एवं डेवलप किया गया है। बीजी डी15 में पूरी तरह वाटरप्रूफ, आईपी 67 रेटिंग वाले इलेक्ट्रिक मोटर एवं बैटरी दिए गए हैं, जिससे उसे गर्मी और धूल से बचाने में मदद मिलती है। नवीनतम इंटेलीजेंट कनेक्टिविटी फीचर की मदद से यूजर स्मार्टफोन के माध्यम से अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर से कनेक्ट हो सकते हैं। बीजी डी15 में रीमूवेबल बैटरी, इन-बिल्ट नेविगेशन, डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, की-लेस स्टार्ट, मोबाइल चार्जिंग के लिए यूएसबी पोर्ट, कॉल एवं नोटिफिकेशन अलर्ट जैसे फीचर हैं। मोबाइल एप के जरिये स्कूटर से कनेक्ट रहा जा सकता है। इस नए प्रोडक्ट के साथ बीगौस हायर रेंज, डिजाइन, सेफ्टी, सिक्योरिटी के मामले में बड़े बाजार में कदम रखेगी। बीजी डी15 में 3.2 किलोवाट की लिथियम आयपन बैटरी लगाई गई है और स्पोर्ट्स मोड में मात्र सात सेकेंड में इसकी गति 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। बीजी डी15 में इको और स्पोर्ट के दो राइड मोड हैं। बैटरी को 5 घंटे 30 मिनट में पूरा चार्ज किया जा सकता है। डी15 की एआरएआई सर्टिफाइड रेंज 115 किलोमीटर है।

# देश-विदेश डायरी

## नेतन्याहू ने गठबंधन सरकार बनाने में सफल रहने का किया दावा

**यरुशलम।** इजरायल के भावी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने नई गठबंधन सरकार बनाने में सफल रहने का दावा किया है। श्री नेतन्याहू ने मध्य रात्रि से कुछ समय पहले ट्वीट कर कहा, मैं (सरकार बनाने में) कामयाब रहा। वहीं श्री नेतन्याहू की दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी ने एक अलग बयान में कहा कि अनुभवी नेता ने राष्ट्रपति आइज़ैक हर्ज़ोग को फोन किया और उन्हें सूचित किया कि उन्होंने (श्री नेतन्याहू) सफलतापूर्वक नई सरकार बनाने के लिए समर्थ जुटा लिया है। लिकुड पार्टी ने हालांकि अभी तक अपने पांच सहयोगियों में से चार के साथ अंतिम गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इन पांच सहयोगियों में से तीन अति-दक्षिणपंथी दल और दो यहूदी अति-रूढ़िवादी दल शामिल हैं। इजरायल के कानून के अनुसार, नई सरकार को 02 जनवरी, 2023 तक शपथ लेने की आवश्यकता है। श्री नेतन्याहू के समूह ने एक नवंब को हुए चुनाव में संसद की 120 सीटों में से 64 पर जीत हासिल की है।

## अमेरिकी संसद की समिति कैपिटल हिल हिंसा की अंतिम रिपोर्ट दायर करने में करेंगी देरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैपिटल हिल यानी संसद भवन में छह जनवरी 2021 को हुई हिंसा की जांच कर रही अमेरिकी कांग्रेस के सदन की प्रवर समिति ने कहा कि वह अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी करने में देरी करेगी। सदन पैनल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अब उम्मीद है कि इसकी अंतिम रिपोर्ट आज दाखिल की जायेगी और आज ही जारी भी की जाएगी। पैनल की ओर से यह भी कहा गया कि अन्य रिकॉर्ड बुधवार को जारी किए जा सकते हैं। यह घोषणा समिति द्वारा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चार आपराधिक आरोपों के लिए अपनी रिपोर्ट न्याय विभाग को भेजने के दो दिन बाद की। ट्रम्प के खिलाफ लगे चार आरोपों में विद्रोह के लिए उकसाने का आरोप भी शामिल है। अमेरिकी कानून के जानकारों के मुताबिक आपराधिक रिपोर्ट संघीय कानून के अनुसार बाध्यकारी नहीं हैं और यह न्याय विभाग पर निर्भर है कि वह आरोपों की जांच करे या नहीं।

न्याय विभाग कैपिटल हिल हिंसा की खुद जांच चला रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा हो जाने और श्री ट्रम्प की पराजय से गुस्साएं उनके समर्थकों ने छह जनवरी, 2021 को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को बाधित किया था। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडेन से हार गए थे, लेकिन उन्होंने हार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और निराधार दावों को बढ़ावा देना जारी रखा कि चुनाव में धांधली हुई है।

## भारत चीन के बीच हुई सैन्य कमांडर स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत एवं चीन के बीच सीमा मामलों पर वरिष्ठ सैन्य कमांडर स्तर की 17वीं बैठक गत मंगलवार 20 दिसंबर को हुई जिसमें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबित मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए संपर्क एवं संवाद बनाये रखने पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में संवाददाताओं से कहा कि भारत चीन कोर कमांडर स्तर की 17वीं बैठक 20 दिसंबर को चुशूल मोल्दो में हुई। गत 17 जुलाई को 16वीं बैठक से आगे प्रगति करते हुए दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में एलएसी पर महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान को लेकर अपने अपने विचार खुले एवं रचनात्मक ढंग से साझा किये। श्री बागची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच दोनों देशों के नेताओं के दिशानिर्देशों के अनुरूप खुली एवं गहन चर्चा हुई ताकि एलएसी के पश्चिमी सेक्टर में बाकी मुद्दों का समाधान हो और शांति एवं स्थिरता कायम हो जिससे भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति हो सके। उन्होंने कहा कि अंतरिम व्यवस्था के तहत दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में ज़मीनी स्तर सुरक्षा एवं स्थिरता बनाये रखने पर सहमति जतायी। दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक दूसरे के निकट संपर्क में रहकर संवाद कायम रखने तथा बाकी मुद्दों के परस्पर स्वीकार्य समाधान के लिए काम करने पर सहमति व्यक्त की।

कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने का फैसला हैरानगी भरा- कपिल

## कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने का फैसला हैरानगी भराः कपिल

**कानपुर।** बंगलादेश के खिलाफ चटगांव टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को गुरुवार से ढाका में शुरू हुये दूसरे टेस्ट में जगह नहीं मिलने से कोच कपिल पांडे हैरान हैं। टीम प्रबंधन के फैसले से खिन्न नजर आ रहे कपिल ने 'यूनीवार्ता' से कहा ÷ कुलदीप को अंतिम एकादश में नहीं खिलाने का टीम प्रबंधन का फैसला हैरानगी भरा है। पहले टेस्ट में जो खिलाड़ी प्लेयर आफ द मैच रहा हो, उसे अगले ही टेस्ट में बेंच पर बैठाना हैरत में डालने वाला है। यह किसी भी खिलाड़ी के मनोबल को प्रभावित कर सकता है। शायद टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि कुलदीप दस से ज्यादा विकेट लेते और शतक भी बनाते तो उनके बारे में विचार किया जा सकता था। उन्होने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कुलदीप के साथ नाइंसाफी हुयी है। इससे पहले आईपीएल में 21 विकेट चटकाने के बावजूद उन्हे टी-20 विश्वकप में जगह नहीं दी गयी। इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद उन्हे टीम से बाहर किया गया। कुलदीप के कोच ने कहा ÷ मै टीम प्रबंधन पर सवाल नहीं उठा रहा हूं। भारतीय टीम के कोच बेहद अनुभवी हैं। हो सकता है कि कुलदीप टीम संयोजन में फिट नहीं बैठ रहे हों मगर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि कुलदीप को अगर ढाका टेस्ट के लिये अंतिम एकादश में स्थान मिलता तो वह एक बार फिर मारक गेंदबाजी से विरोधी टीम को संकट में डालने में सफल होते। हर भारतीय की तरह मैं भी चाहता हूं कि टीम बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करे। गौरतलब है कि बंगलादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृखंला का दूसरा और आखिरी मुकाबला आज से ढाका के शेर बंगला नेशनल स्टेडियम में शुरू हुआ है जिसमें कुलदीप के स्थान पर मध्यम तेज गेंदबाज जयदेव उदानकट को जगह दी गयी है। चटगांव टेस्ट कुलदीप ने 13 रन देकर आठ विकेट झटके थे। उन्हे प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया था।

## टिर्की को विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने गुरुवार को कहा कि भारत ने बीते वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें उम्मीद है कि वे अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में भी इसे जारी रखेंगे। टिर्की ने कहा, ÷भारत की वर्तमान पुरुष टीम आत्मविश्वास से भरी है और हाल के वर्षों में उन्होंने जो प्रदर्शन किया है उसने दर्शकों को बहुत खुशी दी है। मुझे विश्वास है कि वे एफआई ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पूर्व कप्तान टिर्की ने कहा कि भारतीय टीम ने अपनी फिटनेस और खेल के तकनीकी पहलुओं पर भी मेहनत की है। टिर्की ने कहा, ÷मैं चाहता हूं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और आत्मविश्वास के साथ खेलें। टीम के पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं और मैं पूरे हॉकी परिवार के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जनवरी के लिये शुभकामनाएं देना चाहता हूं। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप की शुरुआत 13 जनवरी 2023 को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में होगी, जबकि इसके कुछ मुकाबले राउरकेला में भी खेले जायेंगे।

इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स सहित 16 टीमें विश्व चैंपियन बनने के लिये भिड़ेंगी। भारत को पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ रखा गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK




# अपने स्ट्रगल पर बात करते हुए अवंतिका दसानी का छलका दर्द



बी टाउन इंडस्ट्री में सबका मानना है कि स्टारकिड्स के लिए चीजें काफी आसान होती है और उन्हें लगता है कि किसी आउटसाइडर के बदले स्टारकिड्स को यहां बेहतर मौके मिलते है, लेकिन ये बातें मशहूर एक्ट्रेस भाग्यश्री बेटी अवंतिका दसानी के साथ सच साबित होती हुई नजर नहीं आ रही है। अवंतिका ने हाल ही में अपने एक्टिंग करियर से जुड़ी हुई कई ऐसी बातें शेयर की जिसे सुनने के बाद अब लोग काफी हैरान है। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान अवंतिका ने फिल्मी करियर पर बात करते हुए अपने स्ट्रगल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ भाग्यश्री की बेटी होने से इंडस्ट्री में काम नहीं मिलता। इसके साथ ही नेपोटिज्म पर बात करते हुए अवंतिका कहा कि वो नेपोटिज्म की वजह से एक्टिंग की दुनिया में नहीं आना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने बिजनेस और मार्केटिंग की डिग्री ली। लेकिन बाद में उन्होंने कॉर्पोरेट जॉब छोड़कर एक्टिंग की राह पकड़ ली। इंटरव्यू में अवंतिका ने कहा, मैंने एक्टिंग के बारे में नहीं सोचा था। मैं फ्लो में आगे बढ़ी। सच कहूं तो मैंने काफी मेहनत से पढ़ाई की। कॉलेज में टॉप किया। इसके बाद लंदन भी गई। मैं अच्छा काम कर रही थी, पर उससे ज्यादा खुश नहीं थी। फिर मेरे भाई ने मुझे प्रोजेक्ट्स में हिस्सा लेने के लिए कहा और मुझे एक्टिंग से प्यार हो गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मुझे ये काफी पहले ही समझ आ गया था कि यहां मुझे कैसे संघर्ष से गुजरना पड़ेगा। मां ने हम दोनों को अच्छी तरह से तैयार किया। मैंने अपने भाई को संघर्ष करते देखा था। भाग्यश्री की बेटी होने से काम नहीं मिलता। सिर्फ परफॉर्मेंस से मिलता है। अगर आप किरदार में फिट होते हैं, तो ही आपको काम मिलता है। नेपोटिज्म पर बात करते हुए अवंतिका ने कहा, 'एक समय पर मैंने खुद को पीछे करने की भी सोची। मैं फिल्मी फैमिली, स्टार किड और नेपोटिज्म को लेकर चलने वाली बहस में पड़ना नहीं चाहती थी। अब जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है कि उन ओपिनियन्स का कोई मतलब ही नहीं था।' अवंतिका को हाल ही में मिथ्या' वेब सीरीज में देखा गया था जिसमें उनके काम की काफी तारीफ हुई। इसके साथ ही वो एक तमिल फिल्म में नजर आने वाली है, लेकिन इस इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए उन्होंने इतना तो समझ लिया है कि यहां सिर्फ भाग्यश्री की बेटी होने से काम नहीं चलेगा।

# बॉडीगार्ड के बेटे की किस्मत चमकाने में जुटे सलमान खान




बॉलीवुड में भाईजान के नाम से मशहूर सुपरस्टार सलमान खान अपनी एक्टिंग के अलावा अपनी दरियादिली के लिए जाने-जाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में ना जाने कितने स्टार्स का करियर आज सुपरस्टार के दम पर है। बी-टाउन में सलमान खान ना जाने कितने सितारों के गॉड फादर कहे जाते है। सुपरस्टार ना जाने कितने न्यू कमर्स को बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने का मौका दिया है। कैटरीना कैफ, जरीन खान, जहीर इकबाल, प्रनुतन बहल, सोनाक्षी सिन्हा, अथिया शेट्टी, सूरज पंचोली और आयुश शर्मा समेत कई सितारों को सलमान खान ने लॉन्च किया है। वहीं अब सलमान खान जल्द ही सालों पहले किए अपने एक वादे को जल्द पूरा करने जा रहे हैं। अपने दोस्त के बेटे जहीर इकबाल के बाद अब सलमान अपने सबसे करीबी शख्स के बेटे को बॉलीवुड में लॉन्च करने जा रहे हैं। दरअसल, सलमान खान ने अपने पसर्नल बॉडीगार्ड शेरा से किए अपने सालों पुराने वादें को पूरा करने जा रहे हैं। सलमान ने शेरा से वादा किया था कि वो उनके बेटे टाइगर को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे। साल 2019 में सलमान ने टाइगर के डेब्यू को लेकर कहा था कि ÷शेरा के बेटे टाइगर को अभी तैयार किया जा रहा है और वह पहले से ही कई प्रोड्यूसर्स और निर्देशकों की नजरों में है। शेरा को लगता है कि मैं उनके बेटे के लिए एक स्क्रिप्ट का सबसे अच्छा जज मैं बनूंगा, इसलिए मैं अब स्क्रिप्ट्स को देख रहा हूं।÷ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान जल्द ही शेरा के बेटे टाइगर को बॉलीवुड में लॉन्च करने वाले है क्योंकि टाइगर की पहली फिल्म के लिए स्क्रिप्ट की तलाश खत्म हो चुकी है। मूवी की स्क्रिप्ट और बाकि चीजें तैयार है। फिलहाल भाईजान टाइगर के अपोजिट एक्ट्रेस की तलाश कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने खुद दो-तीन एक्ट्रेसेस से फिल्म में काम करने को लेकर बात भी की है। एक्ट्रेस के साथ सलमान इस फिल्म के लिए बेहतरीन डायरेक्टर की भी तलाश कर रहे है ताकि टाइगर के बॉलीवुड डेब्यू में किसी तरह की कमी ना रहे है। वैसे कहा तो ये भी जा रहा है कि सुपरस्टार ने सतीश कौशिक से फिल्म को डायरेक्ट करने को लेकर बात की है। फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग जनवरी 2023 से शुरु करने की प्लॉनिंग चल रही है। इसके अलावा फिल्म की कहानी और स्टारकास्ट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# परिवार के साथ क्रिसमस का जश्न मनाती नजर आ रही श्वेता तिवारी



**25 दिसंबर** आते ही देश में क्रिसमस की धूम दिखनी शुरू हो होती हैं। आम जनता से लेकर बॉलीवुड के सितारों तक इस त्योहार को मनाने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड रहते हैं। भले ही अभी क्रिसमस में दो दिन बाकी है लेकिन सितारों ने अभी से ही क्रिसमस का जश्न मनाना शुरू कर दिया हैं। इन्ही सितारों की लिस्ट में एक नाम श्वेता तिवारी का भी जुड़ गया हैं। जो अपने परिवार के साथ क्रिसमस का जश्न मनाती नजर आ रही हैं। दरअसल श्वेता तिवारी की बेटी पालक तिवारी न ` अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुरे परिवार के स ा थ क्रिसमस मनाती हुई कुछ तस्वीरें साझा की हैं। जिनमे पूरा परिवार बेहद ही क्यूट और प्यारा दिख रहा हैं। श्वेता तिवारी इन फोटो में बेटी पलक और बेटे रेयांश तिवारी के साथ मस्ती अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर बड़ी सी स्माइल देखी जा रही है। इस दौरान पलक भाई रेयांश पर प्यार लुटाती नजर आ रही हैं। श्वेता और पलक तिवारी इस फोटो में क्रिसमस ट्री के सामने पोज देती नजर आ रही है। सभी अपने सिर पर सेंटा की कैप पहने नजर आ रहे हैं। क्रिसमस के खूबसूरत दिनों को सेलिब्रेट करते हुए पलक तिवारी ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में क्रिसमस मूड लिखा है। पलक का घर पूरी तरह से क्रिसमस फील देता नजर आ रहा है। बता दें हर साल पलक इसी तरह अपने घर को सजाती हैं और फोटोज भी शेयर करती हैं। क्रिसमस लुक में यह तीनों ही खूब जंच रहे हैं।

# फिल्म कुत्ते के ट्रेलर को मिल रही प्रशंसा से खुश हैं अर्जुन कपूर



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी आने वाली फिल्म कुत्ते के ट्रेलर को मिल रही प्रशंसा से बेहद खुश हैं।

बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। कुत्ते के ट्रेलर को मिल रही प्रशंसा से अर्जुन कपूर बेहद खुश हैं। अर्जुन कपूर ने कहा, ÷यह देखना वास्तव में उत्साहजनक है कि लोग, मीडिया और उद्योग कुत्ते के ट्रेलर को पसंद कर रहे हैं और मुझे इस फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। मुझे एहसास है कि लोग मुझे बेहतर प्रदर्शन करते हुए देखना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि जो प्यार मुझे संदीप और पिंकी फरार के दौरान मिला, वही प्यार मुझे कुत्ते के ट्रेलर रिलीज के बाद भी मिल रहा है।अब उम्मीद है कि मैंने फिल्म में जो किया है उसे लोग पसंद करेंगे। मैं फिल्म रिलीज होने पर प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं। लोगों ने जो कुछ भी देखा है वह केवल एक झलक है कि फिल्म में मेरा किरदार क्या करता है। गौरतलब है कि 'कुत्ते' का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसे गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आसमान भारद्वाज निर्देशत यह फिल्म एक सस्पेंस थ्रिलर है।

# सर्दियों में बच्चों के लिए वरदान है ये फूड्स, पेरेंट्स बनाए डाइट का हिस्सा



कड़कती सर्दी ने दस्तक देना शुरु कर दी है,इस मौसम का सबसे पहला असर बच्चों पर पड़ता है। ठंड के मौसम में बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है जिसके कारण उनका शरीर बीमारियों से घिरने लगता है। ऐसे में पैरेंट्स को बच्चों का खास ध्यान रखना पड़ता है। सर्दी के मौसम में बच्चे को बीमारियों से बचाने के लिए आप उनकी डाइट में कुछ हैल्दी फूड्स शामिल कर सकते हैं। यह फूड्स बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करेंगे। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

**गुड़**

गुड़ का सेवन आप सर्दियों में बच्चों को करवा सकते हैं। इससे उनके शरीर में गर्माहट रहेगी और इंफेक्शन से लड़ने में भी सहायता मिलेगी। एक्सपर्ट्स के अनुसार, खांसी-जुकाम में अदरक के साथ गुड़ का सेवन करने से समस्या में आराम मिलता है। स्वीट डिश के तौर पर आप बच्चों को गुड़ खिला सकते हैं। इसके अलावा दूध में भी गुड़ डालकर आप बच्चे को दे सकते हैं।

**मौसमी फल और सब्जियां**

मौसमी फल और सब्जियां खिलाकर आप बच्चे को स्वस्थ रख सकते हैं। प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर सब्जियां आप बच्चे को खिला सकते हैं इन पोषक तत्वों का सेवन करने से शरीर में इम्यूनिटी मजबूत बनती है। ब्रोकली, पालक, मेथी जैसी हरी सब्जियां आप बच्चों को खिला सकते हैं। अनार, सेब, संतरे जैसे फल भी आप बच्चे को खाने के लिए दे सकते हैं।

**सूप**

सब्जियों का सूप बनाकर आप सर्दियों में बच्चे को दे सकते हैं। टमाटर का सूप बच्चे को रिफ्रेश करने और एनर्जी देने में मदद करता है। इसके अलावा टमाटर में विटामिन-सी पाया जाता है जो इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करती है। पालक, ब्रोकली, मशरुम, चुकंदर जैसी चीजों से तैयार सूप आप बच्चे को बनाकर दे सकते हैं। इन सब्जियों में फाइबर, खनिज, विटामिन्स पाए जाते है जो बच्चों को हैल्दी रखने में मदद करेंगे।

**अंडा**

अंडा आप सर्दियों में बच्चों को खाने के लिए दे सकते हैं। प्रोटीन, विटामिन, ओमेगा-3 फैटी एसिड, मिनरल्स जैसे पोषक तत्व अंडे में पाए जाते हैं यह पोषक तत्व शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं। अंडा खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है और बच्चे की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। बच्चों को आप उबला हुआ अंडा या फिर ऑमलेट बनाकर दे सकते हैं।

**घी**

सर्दियों में घी आप बच्चे को खाने के लिए दे सकते हैं। इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी, इसके अलावा आंखों के लिए, डाइजेस्टिव सिस्टम और त्वचा के लिए घी बहुत ही फायदेमंद होता है। घी का सेवन करने से शरीर को एनर्जी मिलती है। आप सर्दियों में घी बच्चे की डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**ड्राई फ्रूट्स**

ड्राई फ्रूट्स बच्चे के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसमें फैटी एसिड, विटामिन्स, फैट और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बादाम, काजू, अखरोट, अंजीर जैसे ड्राई फ्रूट्स भी आप बच्चे को दे सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स शरीर को एनर्जी भी मिलती है और बीमारियों से भी बचाव करेंगे। ड्राई फ्रूट्स दूध में मिलाकर आप स्नेक्स के रुप में सेवन कर सकते हैं।

**कीवी, अमरुद, संतरा और आंवला**

कीवी, अमरुद, संतरा जैसे फल आप बच्चे को दे सकते हैं। इनमें विटामिन-सी पाया जाता है जो बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करते हैं। आंवला भी सर्दियों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। आंवला आप बच्चे को कैंडी या पिर कच्चा खाने के लिए दे सकते हैं।

**शकरकंदी**

स्वाद से मीठी शकरकंदी आप बच्चे को खाने के लिए दे सकते हैं। इसमें विटामिन-सी, बीटा कैरोटीन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो बच्चे की आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके अलावा शकरकंद में पोटैशियम, फाइबर भी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो बच्चे के शारीरिक विकास में मदद करते हैं।

# लोगों की जीवनशैली में खराबियों के कारण बढ़ रही है किडनी की बीमारियां




लोगों की जीवनशैली में कई खराबियों के कारण किडनी की बीमारियां बढ़ रही है। अगर व्यक्ति क्रॉनिक किडनी डिजीज से पीड़ित है, तो इसके उपचार का विकल्प किडनी ट्रांसप्लांट है। शहर के सीके बिरला हॉस्पिटल और किडनी पेशेंट वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित पैनल डिस्कशन में एक्सपर्ट्स ने किडनी डिजीज के लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी दी। यूरोलॉजी एंड रिनल ट्रांसप्लांट के सीनियर कंसलटेंट डॉ. महेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि अगर गुर्दों की बीमारी 3 महीने से अधिक समय तक बनी रहती है तो इस अवस्था को क्रॉनिक किडनी डिजीज कहते हैं। शुरुआत में इसे दवाईयों से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन बीमारी बढ़ने पर इसका अंतिम उपचार किडनी ट्रांसप्लांट है।

इंटरनल मेडिसिन विभाग के डायरेक्टर डॉ. सुशील कालरा ने बताया कि ब्लड प्रेशर को पूर्ण रूप से नियंत्रित रखने पर कुछ समय तक सीकेडी से बचाव संभव है। सीनियर कंसलटेंट नेफ्रोलॉजी रिनल ट्रांसप्लांट डॉ. शीलभद्र जैन ने बताया कि यह बीमारी कई बार रूटीन चेकअप में भी पहचान में आ जाती है। सीनियर कंसलटेंट नेफ्रोलॉजी एंड रिनल ट्रांसप्लांट डॉ. अश्वनी शर्मा ने बताया कि पूरी किडनी खराब हो जाने पर किडनी ट्रांसप्लांट किया जाता है। डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड रिनल ट्रांसप्लांट डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि किडनी रोगों व ट्रांसप्लांट में अब अत्याधुनिक तकनीकों के आने से इलाज आसान हो गया है। बड़ा चीरा नहीं लगाना पड़ता। दूरबीन लेप्रोस्कॉपिक तकनीक से किडनी व यूरोलॉजी संबंधी इलाज आसान हो गया है।

# फरहान अख्तर पिछले काफी वक्त से अपनी अपकमिंग फिल्म 'जी ले जरा' को लेकर सुर्खियों में



रॉक ऑन' एक्टर फरहान अख्तर पिछले काफी वक्त से अपनी अपकमिंग फिल्म 'जी ले जरा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म कैटरीना कैफ, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर तीनों एक्ट्रेसेस के फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। इसी बीच फरहान अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर अचानक चर्चा में आ गए हैं। फरहान अख्तर ने सोशल मीडिया पर वर्ल्ड फेमस पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लिए एक पोस्ट शेयर किया है। दरअसल, अपने इस पोस्ट में एक्टर ने उन लोगों को खरी-खोटी सुनाई है जो फुटबॉलर को लेकर ट्रोल कर रहे हैं। ऐसें में फरहान ने रोनाल्डो के खेल की तारीफ करते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। एक्टर का पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फरहान अख्तर ने इंस्टाग्राम पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की फोटो शेयर करते हुए उनके नाम एक एप्रिसिएशन पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने अपने कैप्शन में फुटबॉलर की सराहना करते हुए लिखा- यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो की सराहना करने वाला पोस्ट है। इस इंसान ने खेल को अपना जीवन दे दिया है, कौशल, एथलेटिक्स और फिटनेस का स्टैंडर्ड स्थापित किया है, जिसके बारे में ज्यादातर खिलाड़ी केवल कल्पना ही कर सकते हैं। किसी को एक पल में नीचे गिराना इतना आसान है। जब वे रोबोट की तरह बर्ताव करना बंद कर देते हैं और ह्युमन इमोशन्स को बाहर लाते हैं। वहीं ट्रोलर्स का जिक्र करते हुए एक्टर आगे कहा-यह देखकर मुझे बहुत गुस्सा आता है कि टिप्पणीकार उन्हें नापसंद करते हैं और उनके बारे में बात करते हैं. उनमें से कोई भी एक दिन भी उनकी जगह नहीं रह सकता। मैं उस लड़के को नहीं जानता लेकिन मैं जानता हूं कि उन्हें खेलते हुए देखकर मुझे खुशी होती है। यहां तक कि जब वह टीमों के खिलाफ खेले तो मैंने उनका समर्थन किया, मुझे आशा है कि वह जानते हैं कि उन लाखों लोगों के लिए उनका क्या मतलब है जो मेरी तरह महसूस करते हैं। फरहान का ये पोस्ट तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

CMYK